Laws of Uttar Pradesh, 2023
Volume 4 (Part B)
Uttar Pradesh Rules

Judges' Library Publication
High Court of Judicature at Allahabad
Prayagraj

U.P. RULES 2023

(Arranged in Alphabetical)

Vol. 4 Part A

Name of Rules	Page No.
General Provident Fund (Uttar Pradesh) (Amendment) Rules, 2023	1-3
Uttar Pradesh Arbitration and Conciliation Rules, 2020 in 2023	4-7
Uttar Pradesh Arbitration and Conciliation Rules, 2020 CORRIGENDUM 2023	8-9
Uttar Pradesh Ayush Department Ayurvedic Pharmacists Service Rules, 2023	10-22
Uttar Pradesh Ayush Department Unani Pharmacists Service Rules, 2023	23-35
Uttar Pradesh Ayush Department Unani Pharmaceutical Services (First Amendment) Rules, 2023	36-37
Uttar Pradesh Child Labour (Prohibition and Regulation) (First Amendment) Rules, 2023	38-69
Uttar Pradesh District Panchayat Monitoring Cell Gazetted Officer (First Amendment) Service Rules, 2023	70-77
Uttar Pradesh Education Service Selection Commission Rules, 2023	78-105
Uttar Pradesh Electricity Reforms (Amalgamation and Merger of State Generating Companies) Scheme, 2023	106-122
Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission (Appointment of Consultants) Regulations, 2023	123-132
Uttar Pradesh Engineer Service (Irrigation Department) (Group "A") (Sixth Amendment) Rules, 2023	133-134
Uttar Pradesh Establishment and Regulation of Saw Mills (Seventh Amendment) Rules, 2023	135-136
Uttar Pradesh Excise (Settlement of Licenses for Retail Sale of Beer) (Twenty-first Amendment) Rules, 2023	137-181
Uttar Pradesh Excise (Settlement of Licenses for Retail Sale of Country Liquor) (Sixteenth Amendment) Rules, 2023	152-224
Uttar Pradesh Excise (Settlement of Retail Licenses for Model Shop of Foreign Liquor) (Sixteenth Amendment) Rules, 2023	225-268
Uttar Pradesh Excise (Settlement of Licences for Foreign Liquor Bonded Warehouse (Ninth Amendment) Rules, 2023	269-328

Continued in Vol. 2

U.P. RULES 2023

(Arranged in Alphabetical)

Vol. 4 Part B

Continued from Vol. 1

Name of Rules	*Page No.*
Uttar Pradesh Excise Settlement of Licences for Retail Sale of Foreign Liquor (Excluding Beer) (Twenty First Amendment) Rules, 2023	329-372
Uttar Pradesh Finance and Accounts Service (Second Amendment) Rules, 2023	373-374
Uttar Pradesh Fisheries (Gazetted) Service (Second Amendment) Rules, 2023	375-376
Uttar Pradesh Geology and Mining Directorate Subordinate Technical Services (Third Amendment) Rules, 2023	377-380
Uttar Pradesh Goods and Services Tax (Fifty-eighth Amendment) Rules, 2023	381-383
Uttar Pradesh Goods and Services Tax (Fifty-Ninth Amendment) Rules, 2023	384-418
Uttar Pradesh Goods and Services Tax (Sixtieth Amendment) Rules, 2023	419-421
Uttar Pradesh Goods and Services Tax (Sixty-First Amendment) Rules, 2023	422-448
Uttar Pradesh Goods and Services Tax (Sixty-Second Amendment) Rules, 2023	--
Uttar Pradesh Goods and Services Tax (Sixty-Third Amendment) Rules, 2023	449-457
Uttar Pradesh Higher Judicial Service (Fourteenth Amendment) Rules, 2023	458-462
Uttar Pradesh Higher Judicial Service (Fifteenth Amendment) Rules, 2023	463-465
Uttar Pradesh Higher Judicial Service (Sixteenth Amendment) Rules, 2023	466-473
Uttar Pradesh Krishi Utpadan Mandi (Chhabbeeswan Sanshodhan) Rules, 2023	474-485
Uttar Pradesh Krishi Utpadan Mandi (Sattaeeswan Sanshodhan) Rules, 2023	486-490
Uttar Pradesh Krishi Utpadan Mandi (Atthaswan Sanshodhan) Rules, 2023	491-494
Uttar Pradesh Krishi Utpadan Mandi (Crusher Units Gur and Khandsari) Compounding of Market Fee) Order, 2023	495-501
Uttar Pradesh Kshettra Panchayats and Zila Panchayats Work (Second) Amendment) Rule, 2003	502-504
Uttar Pradesh Motor Vehicles (Twenty-Ninth Amendment) Rules, 2023	505-522
Uttar Pradesh Motor Vehicles (Thirtieth Amendment) Rules, 2023	523-526
Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) (Fourth Amendment) Rules, 2023	527-530
Uttar Pradesh Police Service (Second Amendment) Rules, 2023	531-536
Uttar Pradesh Printing and Stationery Security Service Rules, 2023	537-551
Uttar Pradesh Private Security Agency Rules, 2023	552-598

Name of Rules	*Page No.*

Uttar Pradesh Public Works Department Assistant Engineer (Electrical and Mechanical Branch) Service (Second Amendment) Rules, 2023	599-606
Uttar Pradesh Revenue Code (Fifth Amendment) Rules, 2023	607-610
Uttar Pradesh Rights of Persons with Disabilities (Second Amendment) Rules, 2023	611-613
Uttar Pradesh Secondary Education Service Selection Board (Sixth Amendment) Rules, 2022 in 2023	614-619
Uttar Pradesh State Property Department Reception Cadre Service Rules, 2023	620-631
Uttar Pradesh Subordinate Revenue Executive (Naib Tehsildar) Service (Third Amendment) Rules, 2023	632-634
Uttar Pradesh Transport Taxation (Subordinate) Service (Second Amendment) Rules, 2023	635-639
Uttar Pradesh Vintnery (Third Amendment) Rules, 2023	640-643
Uttar Pradesh Zila Panchayat Executive Engineer (Civil) Central Transitional Cadre, Service Rules, 2023	644-651

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम-संख्या—129

रजिस्टर्ड नं० एल० डब्ल्यू०/एन०पी० 561
लाइसेन्स नं० डब्ल्यू० पी०-41
(लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेंट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

प्रयागराज, सोमवार, 21 जुलाई, 2023 ई0

(आषाढ़ 30, 1945 शक संवत्)

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या-4188/दस-लाइसेंस-61/वि0म0 फुटकर नियमावली /2023-2024

प्रयागराज, दिनांक 21 जुलाई, 2023 ई0

अधिसूचना

सा0प0नि0—32

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 4 सन् 1910) की धारा 24-ख और 41 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से अधिसूचना सं0 10806/दस-97 बी संसाधन दिनांक 08 मार्च, 2001 द्वारा प्रकाशित उत्तर प्रदेश आबकारी विदेशी शराब (बीयर और वाइन को छोड़कर) की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों की व्यवस्थापन नियमावली, 2001 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैः—

उत्तर प्रदेश आबकारी विदेशी शराब (बीयर को छोड़कर) की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों की व्यवस्थापन (इक्कीसवाँ संशोधन) नियमावली, 2023

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश आबकारी विदेशी शराब (बीयर को छोड़कर) की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों की व्यवस्थापन **(इक्कीसवाँ संशोधन)** नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी।

2. नियम-2-का संशोधन– उत्तर प्रदेश आबकारी विदेशी शराब (बीयर को छोड़कर) की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन नियमावली, 2001 (जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है) में नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-2 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
2 (1) परिभाषाएं- जब तक विषय या संदर्भ से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में-	2 (1) परिभाषाएं- जब तक विषय या संदर्भ से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में-
(क)"अधिनियम" का तात्पर्य समय-समय पर यथासंशोधित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 से है;	(क)"अधिनियम" का तात्पर्य समय-समय पर यथासंशोधित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 से है;
(ख)"अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क" का तात्पर्य अधिकतम फुटकर मूल्य को 10 रूपये के अगले गुणक तक पूर्णांकित किये जाने के फलस्वरूप प्राप्त अन्तर की धनराशि से है, जो आसवनी स्तर पर संदेय होगी तथा आसवनी द्वारा थोक आपूर्तिकर्ता से पूर्व-आसवनी मूल्य के अतिरिक्त वसूली योग्य होगी तथा थोक लाइसेंसधारी द्वारा फुटकर लाइसेंसधारी से अधिकतम थोक मूल्य के अतिरिक्त वसूल की जा सकेगी;	(ख)"अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क" का तात्पर्य अधिकतम फुटकर मूल्य को 10 रूपये के अगले गुणक तक पूर्णांकित किये जाने के फलस्वरूप प्राप्त अन्तर की धनराशि से है, जो आसवनी स्तर पर संदेय होगी तथा आसवनी द्वारा थोक आपूर्तिकर्ता से पूर्व-आसवनी मूल्य के अतिरिक्त वसूली योग्य होगी तथा थोक लाइसेंसधारी द्वारा फुटकर लाइसेंसधारी से अधिकतम थोक मूल्य के अतिरिक्त वसूल की जा सकेगी;
(ग) ''प्रतिफल शुल्क'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 30 के अधीन विदेशी मदिरा और वाइन पर राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित शुल्क से है, जो विदेशी मदिरा और वाइन की आपूर्ति से पूर्व लाइसेंसधारी द्वारा सरकारी कोषागार में जमा की जाएगी;	(ग) ''प्रतिफल शुल्क'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 30 के अधीन विदेशी मदिरा और वाइन पर राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित शुल्क से है, जो विदेशी मदिरा और वाइन की आपूर्ति से पूर्व लाइसेंसधारी द्वारा सरकारी कोषागार में जमा की जाएगी;
(घ) "दैनिक लाइसेंस फीस" का तात्पर्य सम्पूर्ण आबकारी वर्ष के लिए निर्धारित लाइसेंस फीस के 1/365 वें भाग से है;	(घ) "दैनिक लाइसेंस फीस" का तात्पर्य सम्पूर्ण आबकारी वर्ष के लिए निर्धारित लाइसेंस फीस के 1/365 वें भाग से है;
(ङ) "धरोहर धनराशि" का तात्पर्य लाइसेंस की स्वीकृति के लिये पात्रता की शर्तों की पूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिये आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली लाइसेंस फीस की धनराशि के 1/10 वें भाग के बराबर धनराशि से है, जो व्यतिक्रम की दशा में इस नियमावली के नियम-12 के उपबन्धों के अधीन जब्त किये जाने योग्य होगी;	(ङ) "धरोहर धनराशि" का तात्पर्य लाइसेंस की स्वीकृति के लिये पात्रता की शर्तों की पूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिये आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली लाइसेंस फीस की धनराशि के 1/10 वें भाग के बराबर धनराशि से है, जो व्यतिक्रम की दशा में इस नियमावली के नियम-12 के उपबन्धों के अधीन जब्त किये जाने योग्य होगी;
(च)"आबकारी वर्ष" का तात्पर्य एक अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी कलेण्डर वर्ष के 31 मार्च तक चलने वाले वित्तीय वर्ष से है;	(च)"आबकारी वर्ष" का तात्पर्य एक अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी कलेण्डर वर्ष के 31 मार्च तक चलने वाले वित्तीय वर्ष से है;

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(छ) "परिवार" का तात्पर्य इसमें दम्पत्ति (पति या पत्नी), आश्रित पुत्र/पुत्रों, अविवाहित-पुत्री/पुत्रियाँ और आश्रित माता-पिता सम्मिलित हैं;	(छ) "परिवार" का तात्पर्य इसमें दम्पत्ति (पति या पत्नी), आश्रित पुत्र/पुत्रों, अविवाहित-पुत्री/पुत्रियाँ और आश्रित माता-पिता सम्मिलित हैं;
(ज) "विदेशी मदिरा" का तात्पर्य और इसमें भारत में आयात की गई स्पिरिट या मदिरा अथवा भारत में बनाई गई इस प्रकार परिष्कृत या रंजित स्पिरिट या मदिरा, जिससे कि वह सुगन्ध और रंग में भारत में आयातित मदिरा के सदृश्य मालूम हो और उसमें माल्ट स्पिरिट, व्हिस्की, रम, ब्राण्डी, जिन, बोदका, वाइन, मदिरा (लिक्युअर्स) और कम तीव्रता के मादक पेय सम्मिलित हैं;	(ज) "विदेशी मदिरा" का तात्पर्य और इसमें भारत में आयात की गई स्पिरिट या मदिरा अथवा भारत में बनाई गई इस प्रकार परिष्कृत या रंजित स्पिरिट या मदिरा, जिससे कि वह सुगन्ध और रंग में भारत में आयातित मदिरा के सदृश्य मालूम हो और उसमें माल्ट स्पिरिट, व्हिस्की, रम, ब्राण्डी, जिन, बोदका, वाइन, मदिरा (लिक्युअर्स) और कम तीव्रता के मादक पेय सम्मिलित हैं;
(झ) "प्रपत्र" का तात्पर्य इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र से है,	(झ) "प्रपत्र" का तात्पर्य इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र से है,
(ञ) "अनुक्रम"का तात्पर्य ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन के लिये आधार के रुप में तात्पर्यित दुकानों की धरोहर धनराशि के अवरोही क्रम से है;	(ञ) "अनुक्रम" का तात्पर्य ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन के लिये आधार के रुप में तात्पर्यित दुकानों की धरोहर धनराशि के अवरोही क्रम से है;
(ट) ''व्यक्ति '' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो आवेदन करने के समय इक्कीस वर्ष की आयु से अन्यून, भारत का नागरिक हो;	(ट) ''व्यक्ति '' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो आवेदन करने के समय इक्कीस वर्ष की आयु से अन्यून, भारत का नागरिक हो;
(ठ) "लाइसेंस फीस" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 24 क के अधीन फुटकर बिक्री की दुकान से विदेशी मदिरा एवं वाइन की बिक्री के एकान्तिक विशेषाधिकार के लिए, राज्य सरकार के परामर्श से, आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर सम्पूर्ण आबकारी वर्ष या उसके आंशिक भाग के लिए लाइसेंस दिये जाने हेतु प्रतिफल फीस के रुप में ली जाने वाली नियत राशि से है; परन्तु यह कि यदि ऐसी दुकान का व्यवस्थापन/पुनर्व्यवस्थापन मध्य सत्र में अवशेष अवधि के लिये किया जाता है, तो दुकान के लिए लाइसेंस फीस की देयताओं का निर्धारण वर्ष की शेष आबकारी अवधि के समानुपातिक किया जायेगा;	(ठ) "लाइसेंस फीस" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 24 क के अधीन फुटकर बिक्री की दुकान से विदेशी मदिरा एवं वाइन की बिक्री के एकान्तिक विशेषाधिकार के लिए, राज्य सरकार के परामर्श से, आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर सम्पूर्ण आबकारी वर्ष या उसके आंशिक भाग के लिए लाइसेंस दिये जाने हेतु प्रतिफल फीस के रुप में ली जाने वाली नियत राशि से है; परन्तु यह कि यदि ऐसी दुकान का व्यवस्थापन/पुनर्व्यवस्थापन मध्य सत्र में अवशेष अवधि के लिये किया जाता है, तो दुकान के लिए लाइसेंस फीस की देयताओं का निर्धारण वर्ष की शेष आबकारी अवधि के समानुपातिक किया जायेगा;
(ड)"लाइसेंस प्राधिकारी" का तात्पर्य जिला के कलेक्टर से है;	(ड)"लाइसेंस प्राधिकारी" का तात्पर्य जिला के कलेक्टर से है;

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ढ)''कम तीव्रता के मादक पेय(एल0ए0बी0)''का तात्पर्य कारबोनेट युक्त मादक पेय से है, जिसमें 5 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता और 5 प्रतिशत वी/वी से अधिक 10 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता एल्कोहल हो, जो एक्सट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ई0एन0ए0) से निर्मित की गई हो और जो वासक या रंजक द्रव्य या दोनों या अन्य किसी द्रव्य को मिलाकर परिष्कृत की गयी हो जिससे कि वह विशिष्ट स्वाद वाली हो जाय ;	(ढ) ''कम तीव्रता के मादक पेय(एल0ए0बी0)''का तात्पर्य कारबोनेट युक्त मादक पेय से है, जिसमें 5 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता और 5 प्रतिशत वी/वी से अधिक 10 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता एल्कोहल हो, जो एक्सट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ई0एन0ए0) से निर्मित की गई हो और जो वासक या रंजक द्रव्य या दोनों या अन्य किसी द्रव्य को मिलाकर परिष्कृत की गयी हो जिससे कि वह विशिष्ट स्वाद वाली हो जाय ;
(ण)''पोर्टल'' का तात्पर्य विशेष रूप से निर्मित इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म, जिस पर मदिरा निर्माण की प्रक्रिया से सम्बन्धित इसके वितरण के समाप्य अवस्था तक की सूचनाओं को विहित प्रारूप में अपलोड किया जायेगा, से है;	(ण)''पोर्टल'' का तात्पर्य विशेष रूप से निर्मित इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म, जिस पर मदिरा निर्माण की प्रक्रिया से सम्बन्धित इसके वितरण के समाप्य अवस्था तक की सूचनाओं को विहित प्रारूप में अपलोड किया जायेगा, से है;
(त) ''त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व'' का तात्पर्य आबकारी आयुक्त द्वारा जारी सामान्य या विनिर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसार लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा यथा नियत और लाइसेंसधारी द्वारा फुटकर बिक्री के प्रयोजनार्थ आबकारी वर्ष के त्रैमास में अपनी फुटकर दुकान के लिये उठाये जाने हेतु प्रत्याभूत विदेशी मदिरा, वाइन और कम तीव्रता के मादक पेय से प्राप्त समान राजस्व से है;	(त) **''मासिक** न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व'' का तात्पर्य आबकारी आयुक्त द्वारा जारी सामान्य या विनिर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसार लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा यथा नियत और लाइसेंसधारी द्वारा फुटकर बिक्री के प्रयोजनार्थ आबकारी वर्ष के **माह** में अपनी फुटकर दुकान के लिये उठाये जाने हेतु विदेशी मदिरा, वाइन और कम तीव्रता के मादक पेय से प्राप्त **समतुल्य** राजस्व से है;
(थ)"प्रतिभूति धनराशि "का तात्पर्य लाइसेंस फीस के दस प्रतिशत के बराबर धनराशि से है, जो जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत सावधि जमा रसीद/ बैंक गारंटी के माध्यम से अथवा ई-पेमेन्ट द्वारा जमा की जायेगी जो राज्य सरकार के समस्त दावों और देयों के अन्तिम निस्तारण के पश्चात् वापस किये जाने योग्य है; परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद या राष्ट्रीय बचत पत्र (एन०एस०सी०) के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय;	(थ)"प्रतिभूति धनराशि "का तात्पर्य लाइसेंस फीस के दस प्रतिशत के बराबर धनराशि से है, जो जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत **सावधि जमा रसीद** के माध्यम से अथवा ई-पेमेन्ट द्वारा जमा की जायेगी, जो राज्य सरकार के समस्त दावों और देयों के अन्तिम निस्तारण के पश्चात् वापस किये जाने योग्य है; परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद**/ई-पेमेन्ट** या राष्ट्रीय बचत पत्र (एन०एस०सी०) **अथवा बैंक गांरण्टी** के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय;

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(द) ''व्यवस्थापन'' का तात्पर्य नवीकरण, ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर के माध्यम से दुकानों के व्यवस्थापन अथवा पुनर्व्यवस्थापन से है, जो समाचार पत्र एवं आबकारी विभाग की वेबसाइट के माध्यम से पूर्व नोटिस एवं संसूचना देकर सप्ताह के किसी दिन में हो सकता है। आगामी वर्ष के लिये दुकानों का व्यवस्थापन विगत वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व किया जा सकता है;	(द) ''व्यवस्थापन''का तात्पर्य नवीकरण, ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर के माध्यम से दुकानों के व्यवस्थापन अथवा पुनर्व्यवस्थापन से है, जो समाचार पत्र एवं आबकारी विभाग की वेबसाइट के माध्यम से पूर्व नोटिस एवं संसूचना देकर सप्ताह के किसी दिन में हो सकता है। आगामी वर्ष के लिये दुकानों का व्यवस्थापन विगत वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व किया जा सकता है;
(ध)''ऋणशोधन क्षमता'' का तात्पर्य फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये आवेदन करने हेतु आवेदक के लिये निर्धारित वित्तीय अर्हता के मानदण्ड से है।	(ध)''ऋणशोधन क्षमता'' का तात्पर्य फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये आवेदन करने हेतु आवेदक के लिये निर्धारित वित्तीय अर्हता के मानदण्ड से है।
(न) राज्य का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य से है;	(न) राज्य का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य से है;
(2) इस नियमावली में अपरिभाषित किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके लिए समनुदेशित हों।	(2) इस नियमावली में अपरिभाषित किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके लिए समनुदेशित हों।

3-नियम-6 का संशोधन–उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-6 के स्थान पर स्तम्भ-2में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
6 लाइसेंस की स्वीकृति	6 लाइसेंस की स्वीकृति
इस नियमावली के उपबन्धों के अनुसार लाइसेंस फीस को अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से भुगतान करने एवं जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत सावधि जमा रसीद/ बैंक गारंटी के माध्यम से अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से प्रतिभूति धनराशि जमा करने पर लाइसेंस स्वीकृत किया जायेगा।	इस नियमावली के उपबन्धों के अनुसार लाइसेंस फीस को अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से भुगतान करने एवं जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत **सावधि जमा रसीद** के माध्यम से अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से प्रतिभूति धनराशि जमा करने पर लाइसेंस स्वीकृत किया जायेगा।
परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद या राष्ट्रीय बचत पत्र (एन0एस0सी0) के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति, तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जायेगी। लाइसेंसधारी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह उस जिले में ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र की मूलप्रति प्रस्तुत करे, जहाँ से उसे लाइसेंस, स्वीकृति के समय जारी किया गया है।	परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद**/ई-पेमेन्ट** या राष्ट्रीय बचत पत्र (एन0एस0सी0) **अथवा बैंक गांरण्टी** के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति, तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जायेगी। लाइसेंसधारी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह उस जिले में ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र की मूलप्रति प्रस्तुत करे, जहाँ से उसे लाइसेंस, स्वीकृति के समय जारी किया गया है।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

4-नियम-7 का संशोधन–उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-7 के स्थान पर स्तम्भ-2में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1

विद्यमान नियम

7- लाइसेंस स्वीकृति के लिए आवेदन-

(क) जब कभी किसी क्षेत्र या स्थान में नया लाइसेंस स्वीकृत करना प्रस्तावित हो, लाइसेंस प्राधिकारी, दैनिक समाचार पत्रों, जिनका उस क्षेत्र में परिचालन हो, में व्यापक प्रचार और आबकारी विभाग की वेबसाइट (www.upexcise.in) के साथ-साथ जिला की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के पश्चात् इस निमित्त आन-लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करेंगे।

(ख) विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, जिनकी लाइसेंस की स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रस्तावित है, की सूची दुकानवार लाइसेंस फीस, प्रतिभूति धनराशि और धरोहर धनराशि सहित कलेक्टर के कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय और उप आबकारी आयुक्त प्रभार के कार्यालय में प्रदर्शित की जायेगी। यह सूचना आबकारी विभाग की वेबसाइट (www.upexcise.in) के साथ-साथ प्रत्येक जिला की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की जायेगी।

(ग) लाइसेंस की स्वीकृति के लिए आवेदन समाचार पत्रों में अधिसूचित विज्ञप्ति में दी गई समय-सारिणी के अनुसार आनलाइन जमा किये जायेगें। आवेदन के साथ (एक) ऋणशोधन क्षमता पत्र अथवा प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र (दो) आधार कार्ड, (तीन) पैन कार्ड, (चार) गतवर्ष की आयकर विवरणी की छायाप्रति (पॉच) विहित प्रारुप में शपथ पत्र (छः) धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट की स्कैन कॉपी, जो सम्बन्धित दुकान के जिला के जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में जारी हों, को अपलोड करना अनिवार्य होगा।

राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित दर से प्रसंस्करण फीस व उस पर संदेय मूल्य संवर्धित कर/माल और सेवा कर का भुगतान आन लाइन किया जायेगा।

(घ) आवेदन प्राप्ति के लिए नियत किया जाने वाला अन्तिम दिनांक समाचार पत्रों और आबकारी विभाग की वेबसाइट (www.upexcise.in) में किए गए विज्ञापन में यथा नियत दिनों की संख्या से पहले न होगा।

स्तम्भ-2

एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम

7- लाइसेंस स्वीकृति के लिए आवेदन-

(क) जब कभी किसी क्षेत्र या स्थान में नया लाइसेंस स्वीकृत करना प्रस्तावित हो, लाइसेंस प्राधिकारी, दैनिक समाचार पत्रों, जिनका उस क्षेत्र में परिचालन हो, में व्यापक प्रचार और आबकारी विभाग की वेबसाइट **(www.upexciseportal.in)** के साथ-साथ जिला की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के पश्चात् इस निमित्त आन-लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करेंगे।

(ख)विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, जिनकी लाइसेंस की स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रस्तावित है, की सूची दुकानवार लाइसेंस फीस, प्रतिभूति धनराशि और धरोहर धनराशि सहित कलेक्टर के कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय और उप आबकारी आयुक्त प्रभार के कार्यालय में प्रदर्शित की जायेगी। यह सूचना आबकारी विभाग की वेबसाइट **(www.upexciseportal.in)** के साथ-साथ प्रत्येक जिला की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की जायेगी।

(ग)लाइसेंस की स्वीकृति के लिए आवेदन समाचार पत्रों में अधिसूचित विज्ञप्ति में दी गई समय-सारिणी के अनुसार आनलाइन जमा किये जायेंगे आवेदन के साथ (एक) ऋणशोधन क्षमता **प्रमाणपत्र** अथवा प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र **(दो) पैन कार्ड,** (तीन) गतवर्ष की आयकर विवरणी की छायाप्रति (चार) विहित प्रारुप में शपथ पत्र (पॉच) धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट की स्कैन कॉपी, जो सम्बन्धित दुकान के जिला के जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में जारी हों, को अपलोड करना अनिवार्य होगा।

राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित दर से प्रसंस्करण फीस व उस पर संदेय मूल्य संवर्धित कर/माल और सेवा कर का भुगतान आन लाइन किया जायेगा।

(घ) आवेदन प्राप्ति के लिए नियत किया जाने वाला अन्तिम दिनांक समाचार पत्रों और आबकारी विभाग की वेबसाइट **(www.upexciseportal.in)** में किए गए विज्ञापन में यथा नियत दिनों की संख्या से पहले न होगा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

5-नियम-8 का संशोधन– उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-8 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्ः-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
8-आवेदकों के लिए पात्रता की शर्तेः-	8-आवेदकों के लिए पात्रता की शर्तेः-
फुटकर विदेशी मदिरा की बिक्री की दुकानों के लाइसेंस के लिए पात्र आवेदकों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी- अर्थात्-	फुटकर विदेशी मदिरा की बिक्री की दुकानों के लाइसेंस के लिए पात्र आवेदकों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी- अर्थात्-
(क) आवेदन एक व्यक्ति द्वारा हो जो भारत का नागरिक हो, परन्तु नवीकरण की स्थिति में सह-आवेदक, यदि कोई हो जो भारत का नागरिक हो, भी मान्य होगा।	(क) आवेदन एक व्यक्ति द्वारा हो जो भारत का नागरिक हो, परन्तु नवीकरण की स्थिति में सह-आवेदक, यदि कोई हो जो भारत का नागरिक हो, भी मान्य होगा।
भागीदार वाली फर्म अथवा कम्पनी फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये पात्र नहीं होगी। इसी प्रकार थोक विक्रेता अथवा आसवनी/ मदिरा निर्माता भी किसी प्रकार की फुटकर दुकान का लाइसेंस धारण करने के लिये पात्र नहीं होगा।	भागीदार वाली फर्म अथवा कम्पनी फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये पात्र नहीं होगी। इसी प्रकार थोक विक्रेता अथवा आसवनी/ मदिरा निर्माता भी किसी प्रकार की फुटकर दुकान का लाइसेंस धारण करने के लिये पात्र नहीं होगा।
दुकान के आवंटन के पश्चात् आवेदक की स्थिति में कोई परिवर्तन अनुमन्य न होगा, लाइसेंसधारी की मृत्यु की दशा में उसका विधिक वारिस, यदि अन्यथा पात्र हों, लाइसेंस की शेष अवधि के लिए लाइसेंसधारक बना रह सकता है;	दुकान के आवंटन के पश्चात् आवेदक की स्थिति में कोई परिवर्तन अनुमन्य न होगा, लाइसेंसधारी की मृत्यु की दशा में **लाइसेंसधारी द्वारा दिये गये नामनिर्देशन शपथ पत्र (यदि कोई हो) के अनुसार विधिक वारिसों/ परिवार के सदस्यों/निकट** सम्बन्धियों, **के नाम यदि अन्यथा अपात्र न हों, लाइसेंस की शेष अवधि के लिए लाइसेंसधारक बने रहने के लिये नामनिर्देशन शपथ पत्र में वर्णित वरीयता के अनुसार विचारित किये जायेंगे।** **परन्तु यह कि मृतक लाइसेंसधारी के नामनिर्देशन शपथ पत्र की अनुपलब्धता की स्थिति में उसका विधिक वारिस यदि अन्यथा पात्र है लाइसेंस की अवशेष अवधि के लिए लाइसेंसधारक बना रह सकता है।**
परन्तु यह और कि यदि संयुक्त रूप से दो व्यक्तियों द्वारा लाइसेंस प्राप्त किया गया हो, तो किसी एक व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में जीवित व्यक्ति मृतक के विधिक वारिस (वारिसों) के साथ यदि अन्यथा पात्र हों, लाइसेंसधारी बना रह सकेगा या दोनो व्यक्तियों की मृत्यु की दशा में उसके विधिक वारिस (उत्तराधिकारी) यदि अन्यथा पात्र हो, लाइसेंसधारक बने रह सकते हैं।व्यक्तियों के वैधानिक उत्तरदायित्वों में कोई भेद नहीं किया जायेगा जो संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी होंगे;	परन्तु यह और कि यदि संयुक्त रूप से दो व्यक्तियों द्वारा लाइसेंस प्राप्त किया गया हो, तो किसी एक व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में जीवित व्यक्ति एवं **उपर्युक्तानुसार चयनित** मृत **लाइसेंसधारी का विधिक वारिस अथवा नामनिर्देशिती, यदि अन्यथा पात्र हों, लाइसेंस की शेष अवधि के लिए लाइसेंसधारक बने रह सकते है।** व्यक्तियों के **विधिक दायित्वों** में कोई भेद नहीं किया जायेगा जो संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी होंगे;

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ख) आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के लिये नियत अवधि के प्रथम दिवस पर इक्कीस वर्ष की आयु से अधिक हो।	(ख) आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के लिये नियत अवधि के प्रथम दिवस पर इक्कीस वर्ष की आयु से अधिक हो।
(ग) व्यतिक्रमी/काली सूची वाला न हो या अधिनियम या तद्धीन बनाई गयी नियमावली के उपबन्धों के अधीन आबकारी लाइसेंस धारण करने से विवर्जित न किया गया हो। कोई व्यक्ति, जो किसी आबकारी अपराध के लिए दोषसिद्ध पाया गया हो, लाइसेंस धारण करने से स्वतः विवर्जित हो जायेगा जब तक कि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा पूर्णतः और अन्तिम रूप से दोषमुक्त न कर दिया गया हो;	(ग) व्यतिक्रमी/काली सूची वाला न हो या अधिनियम या तद्धीन बनाई गयी नियमावली के उपबन्धों के अधीन आबकारी लाइसेंस धारण करने से विवर्जित न किया गया हो। कोई व्यक्ति, जो किसी आबकारी अपराध के लिए दोषसिद्ध पाया गया हो, लाइसेंस धारण करने से स्वतः विवर्जित हो जायेगा जब तक कि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा पूर्णतः और अन्तिम रूप से दोषमुक्त न कर दिया गया हो;
(गग) आवेदनकर्ता किसी एक दुकान के लिए स्वंय के नाम से मात्र एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने के लिए पात्र होगा। परन्तु नवीकरण की स्थिति में आवेदक एवं सह-आवेदक दोनों आवेदन हेतु पात्र होगें तथा नवीकरण हेतु दोनों की पारस्परिक सहमति आवश्यक होगी;	(गग) आवेदनकर्ता किसी एक दुकान के लिए **स्वयं** के नाम से मात्र एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने के लिए पात्र होगा। परन्तु नवीकरण की स्थिति में आवेदक एवं सह-आवेदक दोनों आवेदन हेतु पात्र होगें तथा नवीकरण हेतु दोनों की पारस्परिक सहमति आवश्यक होगी;
(घ) निम्नलिखित के प्रमाण स्वरूप पब्लिक नोटरी द्वारा सम्यक रुप से सत्यापित शपथ-पत्र प्रस्तुत करेगाः-	(घ) निम्नलिखित के प्रमाण स्वरूप पब्लिक नोटरी द्वारा सम्यक रुप से सत्यापित शपथ-पत्र प्रस्तुत करेगाः-
(एक) यह कि उसके पास समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या एवं स्थिति नियमावली, 1968 के उपबंधों के अनुसार उस स्थान पर दुकान खोलने हेतु उपयुक्त परिसर है अथवा उसने किराए पर उस स्थान पर उपयुक्त परिसर का प्रबन्ध किया है;	(एक) यह कि उसके पास समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या एवं स्थिति नियमावली, 1968 के उपबंधों के अनुसार उस स्थान पर दुकान खोलने हेतु उपयुक्त परिसर है अथवा उसने किराए पर उस स्थान पर उपयुक्त परिसर का प्रबन्ध किया है;
(दो) यह कि उसकी दुकान के प्रस्तावित परिसर के निर्माण में किसी विधि अथवा नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है;	(दो) यह कि उसकी दुकान के प्रस्तावित परिसर के निर्माण में किसी विधि अथवा नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है;
(तीन) यह कि उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है और उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 या स्वापक ओषधि एवं मनःप्रभावी अधिनियम 1985 के अधीन दण्डनीय किसी अपराध या किसी अन्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध के लिए दोषसिद्ध न किया गया हो;	(तीन) यह कि उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है और उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 या स्वापक ओषधि एवं मनःप्रभावी अधिनियम 1985 के अधीन दण्डनीय किसी अपराध या किसी अन्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध के लिए दोषसिद्ध न किया गया हो;
(चार) यह कि लाइसेंसधारी के रूप में उसके चयनित हो जाने की दशा में जिला, जहाँ का वह निवासी है, के जिला कलेक्टर या सम्बन्धित जिला के पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या सम्बन्धित पुलिस कमिश्नरी के पुलिस आयुक्त द्वारा नामनिर्दिष्ट, सहायक पुलिस आयुक्त की रैंक से अनिम्न अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र यह दर्शाते हुए प्रस्तुत करना होगा कि लाइसेंस जारी होने के पूर्व उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है एवं उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि या आपराधिक अभिलेख नहीं है।	(चार) यह कि लाइसेंसधारी के रूप में उसके चयनित हो जाने की दशा में जिला, जहाँ का वह निवासी है, के जिला कलेक्टर या सम्बन्धित जिला के पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या सम्बन्धित पुलिस कमिश्नरी के पुलिस आयुक्त द्वारा नामनिर्दिष्ट, सहायक पुलिस आयुक्त की रैंक से अनिम्न अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र यह दर्शाते हुए प्रस्तुत करना होगा कि लाइसेंस जारी होने के पूर्व उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है एवं उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि या आपराधिक अभिलेख नहीं है।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(पाँच) यह कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को बिक्रीकर्ता या प्रतिनिधि के रूप में नियोजित नहीं करेगा, जिसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी, जैसा कि खण्ड-तीन में उल्लिखित है या जो किसी संक्रामक रोग से ग्रसित हो या 21 वर्ष से कम आयु का हो या महिला हो। लाइसेंसधारी जिला आबकारी अधिकारी से प्राधिकृत बिक्रेता/प्राधिकृत प्रतिनिधि का फोटोयुक्त पहचान पत्र प्राप्त करेगा।	(पाँच) यह कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को बिक्रीकर्ता या प्रतिनिधि के रूप में नियोजित नहीं करेगा, जिसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी, जैसा कि खण्ड-तीन में उल्लिखित है या जो किसी संक्रामक रोग से ग्रसित हो या 21 वर्ष से कम आयु का हो या महिला हो। लाइसेंसधारी जिला आबकारी अधिकारी से **राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथाविहित फीस के संदाय के उपरान्त** प्राधिकृत बिक्रेता/प्राधिकृत प्रतिनिधि का फोटोयुक्त **नौकरनामा** प्राप्त करेगा।
(छः) यह कि उस पर किसी सार्वजनिक देयों या सरकारी देयों का बकाया नहीं है।	(छः) यह कि उस पर किसी सार्वजनिक देयों या सरकारी देयों का बकाया नहीं है।
(सात) यह कि वह ऋणशोधक्षम है और आवश्यक निधि रखता है या उसने कारोबार के संचालन के लिए आवश्यक निधि का प्रबन्ध कर लिया है, जिसका ब्योरा, यदि अपेक्षित होगा, लाइसेंस प्राधिकारी को उपलब्ध करा देगा।	(सात) यह कि वह ऋणशोधक्षम है और आवश्यक निधि रखता है या उसने कारोबार के संचालन के लिए आवश्यक निधि का प्रबन्ध कर लिया है, जिसका ब्योरा, यदि अपेक्षित होगा, लाइसेंस प्राधिकारी को उपलब्ध करा देगा।
(आठ) यह कि आवेदक माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त हो जाने के उपरान्त यह प्रमाणित हो जाता है कि वह माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे आवंटित किया गया लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।	(आठ) यह कि आवेदक माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त हो जाने के उपरान्त यह प्रमाणित हो जाता है कि वह माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे आवंटित किया गया लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।
(नौ) यह कि आवेदक बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त कर लेने पर उसे बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता पाया जाता है तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। राज्य सरकार का कर्मचारी भी लाइसेंस स्वीकृति हेतु आवेदन करने के लिये अपात्र होगा।	(नौ) यह कि आवेदक बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त कर लेने पर उसे बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता पाया जाता है तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। राज्य सरकार का कर्मचारी भी लाइसेंस स्वीकृति हेतु आवेदन करने के लिये अपात्र होगा।
(दस) यह कि लाइसेंसधारी के रुप में चयन हो जाने पर चयन के अड़तालीस घंटे के भीतर धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट, जिसे ऑन-लाइन आवेदन के साथ अपलोड किया गया हो, को जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करा देगा।	(दस) यह कि लाइसेंसधारी के रुप में चयन हो जाने पर चयन के अड़तालीस घंटे के भीतर धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट, जिसे ऑन-लाइन आवेदन के साथ अपलोड किया गया हो, को जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करा देगा।
(ग्यारह) यह कि उसने धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट का प्रयोग इस चरण में किसी अन्य दुकान हेतु आवेदन में नही किया है।	(ग्यारह) यह कि उसने धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट का प्रयोग इस चरण में किसी अन्य दुकान हेतु आवेदन में नही किया है।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ङ) राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से आबकारी आयुक्त द्वारा यथा निर्धारित धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट, जो सम्बन्धित दुकान के जिला के जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में जारी हो, की स्कैन प्रति, आनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किया जायेगा।	(ङ) राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से आबकारी आयुक्त द्वारा यथा निर्धारित धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट, जो सम्बन्धित दुकान के जिला के जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में जारी हो, की स्कैन प्रति, आनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किया जायेगा।
लाइसेंसधारी के रूप में चयन हो जाने की दशा में धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट चयन के पश्चात् अडतालीस घंटे के भीतर सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा,जिसे सभी देयताओं के भुगतान के पश्चात् आवेदक को वापस कर दिया जायेगा;	लाइसेंसधारी के रूप में चयन हो जाने की दशा में धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट चयन के पश्चात् अडतालीस घंटे के भीतर सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा,जिसे सभी देयताओं के भुगतान के पश्चात् आवेदक को वापस कर दिया जायेगा;
(च) यह कि आवेदक ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र या प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र का धारक हो तथा उसकी ऋणशोधन क्षमता/ प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पति स्वामित्व प्रमाण पत्र की मालियत जिला में आवेदित दुकान का लाइसेंस प्रदान करने के लिए अवधारित लाइसेंस शुल्क की धनराशि से कम नही होगी;	(च) यह कि आवेदक ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र या प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र का धारक हो तथा उसकी ऋणशोधन क्षमता/ प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पति स्वामित्व प्रमाण पत्र की मालियत जिला में आवेदित दुकान का लाइसेंस प्रदान करने के लिए अवधारित लाइसेंस शुल्क की धनराशि से कम नही होगी;
परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में गत वर्ष के व्यवस्थापन के दौरान प्रस्तुत किये गये ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा किसी प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा जारी सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण पत्र, यदि वैध एवं अपेक्षित धनराशि के लिए है, प्रतिग्राह्य होंगे।	परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में गत वर्ष के व्यवस्थापन के दौरान प्रस्तुत किये गये ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा किसी प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा जारी सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण पत्र, यदि वैध एवं अपेक्षित धनराशि के लिए है, प्रतिग्राह्य होंगे।

6-नियम-10 का संशोधन– उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-10 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
10-लाइसेंसधारी का चयन-	10-लाइसेंसधारी का चयन-
(क) (एक) राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन दुकानों के लाइसेंसों का ऑनलाइन नवीकरण किया जा सकेगा।	(क) (एक) राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन दुकानों के लाइसेंसों का ऑनलाइन नवीकरण किया जा सकेगा।
(दो) लाइसेंसों के नवीकरण न होने की स्थिति में लाइसेंसधारियों का चयन आनलाइन आवेदन आमंत्रित कर राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर के माध्यम से दुकानवार किया जायेगा।जिला आबकारी अधिकारी ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा करेगा और समस्त पात्र एवं अपात्र आवेदनों की अपात्रता के कारणों को उल्लिखित करते हुए सूची तैयार करेगा और इस सूची को ई-लाटरी एवं ई-टेण्डर हेतु गठित जिला स्तरीय लाइसेंस समिति के समक्ष रखेगा;	(दो) लाइसेंसों के नवीकरण न होने की स्थिति में लाइसेंसधारियों का चयन आनलाइन आवेदन आमंत्रित कर राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर के माध्यम से दुकानवार किया जायेगा।जिला आबकारी अधिकारी ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा करेगा और समस्त पात्र एवं अपात्र आवेदनों की अपात्रता के कारणों को उल्लिखित करते हुए सूची तैयार करेगा और इस सूची को ई-लाटरी एवं ई-टेण्डर हेतु गठित जिला स्तरीय लाइसेंस समिति के समक्ष रखेगा;

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ख) उक्त समिति पात्र तथा अपात्र आवेदकों को चिन्हित करेगी। ई-लॉटरी की स्थिति में पात्र आवेदकों में से प्रत्येक दुकान के लिये लाइसेंसधानी का चयन कम्प्यूटर चलित यादृच्छिक व्यवस्था के माध्यम से किया जायेगा। यादृच्छिकीकरण प्रक्रिया सम्बन्धित नियम के अधीन विहित अनुक्रम के अनुसार देशी मदिरा, माडल शाप, विदेशी मदिरा तथा बीयर की फुटकर दुकानों के क्रम में अपनायी जायेगी। ई-टेण्डर के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन की स्थिति में उसी अनुक्रम का पालन किया जायेगा। किसी भी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण राज्य में सभी श्रेणी की देशी शराब, माडल शाप, विदेशी मदिरा, एवं बीयर की कुल मिलाकर दो से अधिक दुकानें आवंटित नहीं की जायेंगी;	(ख) उक्त समिति पात्र तथा अपात्र आवेदकों को चिन्हित करेगी। ई-लॉटरी की स्थिति में पात्र आवेदकों में से प्रत्येक दुकान के लिये लाइसेंसधानी का चयन कम्प्यूटर चलित यादृच्छिक व्यवस्था के माध्यम से किया जायेगा। यादृच्छिकीकरण प्रक्रिया सम्बन्धित नियम के अधीन विहित अनुक्रम के अनुसार देशी मदिरा, माडल शाप, विदेशी मदिरा तथा बीयर की फुटकर दुकानों के क्रम में अपनायी जायेगी। ई-टेण्डर के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन की स्थिति में उसी अनुक्रम का पालन किया जायेगा। किसी भी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण राज्य में सभी श्रेणी की देशी शराब, माडल शाप, विदेशी मदिरा, एवं बीयर की कुल मिलाकर दो से अधिक दुकानें आवंटित नहीं की जायेंगी;
परन्तु यह कि पूर्वोक्त निर्बंधन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार लाइसेंसधारी की मृत्यु की स्थिति में लाइसेंसो के नवीकरण एवं विधिक वारिस के पक्ष में लाइसेंस के नामान्तरण से सम्बन्धित मामलों के लिए लागू नहीं होगा।	**परन्तु यह कि पूर्वोक्त निर्बंधन, लाइसेंसधारी/ लाइसेंसधारियों की मृत्यु की स्थिति में नियम-8(क) में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार मृत लाइसेंसधारी/ लाइसेंसधारियों के विधिक वारिस/ परिवार के सदस्य/ निकट सम्बन्धी के पक्ष में लाइसेंस के नवीकरण और नामान्तरण से सम्बन्धित मामलों के लिए लागू नहीं होगा।**
परन्तु यह और भी कि किसी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण राज्य में दो या दो से अधिक दुकानों के नवीकरण होने की स्थिति में वह ई-लाटरी के माध्यम से आगे की दुकानों के चयन हेतु पात्र नहीं होगा;	परन्तु यह और भी कि किसी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण राज्य में दो या दो से अधिक दुकानों के नवीकरण होने की स्थिति में वह ई-लाटरी के माध्यम से आगे की दुकानों के चयन हेतु पात्र नहीं होगा;
(ग) यदि चयनित आवेदक लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा नहीं करेगा और विहित औपचारिकताएं पूरी नहीं करेगा या नियत अवधि में दुकान हेतु उपयुक्त परिसर की व्यवस्था करने में अक्षम रहेगा, तो लाइसेंस प्राधिकारी आवंटन को निरस्त कर देगा और शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करेगा;	(ग) यदि चयनित आवेदक लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा नहीं करेगा और विहित औपचारिकताएं पूरी नहीं करेगा या नियत अवधि में दुकान हेतु उपयुक्त परिसर की व्यवस्था करने में अक्षम रहेगा, तो लाइसेंस प्राधिकारी आवंटन को निरस्त कर देगा और शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करेगा;
(घ) यदि किसी विशिष्ट दुकान के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हो या किसी दुकान के लिए कोई अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया जाये तो लाइसेंस प्राधिकारी दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से तत्काल कदम उठायेगा।	(घ) यदि किसी विशिष्ट दुकान के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हो या किसी दुकान के लिए कोई अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया जाये तो लाइसेंस प्राधिकारी दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से तत्काल कदम उठायेगा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

7-नियम-12 का संशोधन– उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-12 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1

विद्यमान नियम

12- लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि का भुगतान-

यदि किसी आवेदक को लाइसेंसधारी के रुप में चयनित किया जाता है तो अपने चयन की सूचना की प्राप्ति के तीन कार्य दिवसों के भीतर लाइसेंस फीस की सम्पूर्ण धनराशि जमा करेगा। उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह प्रतिभूति धनराशि का आधा भाग अपने चयन होने की सूचना के दस कार्यदिवसों के भीतर और अवशेष प्रतिभूति धनराशि अपने चयन होने की सूचना के बीस कार्य दिवसों के भीतर जमा कर दे। आवेदक द्वारा लाइसेंस फीस का समस्त भुगतान अधिमानतः ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जायेगा एवं प्रतिभूति धनराशि, सावधि जमा रसीद/बैंक गारंटी के माध्यम से जो सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत हो अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से जमा की जायेगी। परन्तु नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद या राष्ट्रीय बचत पत्र (एन0एस0सी0) के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय।

अनुवर्ती वर्ष में दुकान का लाइसेंस लाइसेंसधारी की इच्छा पर राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार नवीकृत किया जा सकेगा, नवीकरण हेतु लाइसेंस फीस एवं प्रतिभूति के अन्तर की धनराशि राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट निर्धारित समयावधि में जमा की जायेगी;

परन्तु, यदि वह विहित अवधि के भीतर लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा करने में विफल रहता है तो उसका चयन निरस्त हो जायेगा;

परन्तु यह और कि ई लाटरी/ई टेण्डर के माध्यम से लाइसेंस व्यवस्थित होने की दशा में, उसकी धरोहर धनराशि तथा लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि, यदि उसके द्वारा जमा की गयी है, तथा लाइसेंस के नवीकृत होने की दशा में उसकी गत वर्ष की जमा प्रतिभूति का 15 प्रतिशत तथा नवीकरण फीस व लाइसेंस फीस, यदि उसके द्वारा जमा की गयी हो, राज्य सरकार के पक्ष में समपहृत कर ली जायेगी और उक्त दुकान को तत्काल सरकार द्वारा यथाविहित रीति से पुनर्व्यवस्थापित कर दिया जायेगा।

स्तम्भ-2

एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम

12- लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि का भुगतान-

यदि किसी आवेदक को लाइसेंसधारी के रुप में चयनित किया जाता है तो अपने चयन की सूचना की प्राप्ति के तीन कार्य दिवसों के भीतर लाइसेंस फीस की सम्पूर्ण धनराशि जमा करेगा। उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह प्रतिभूति धनराशि का आधा भाग अपने चयन होने की सूचना के दस कार्यदिवसों के भीतर और अवशेष प्रतिभूति धनराशि अपने चयन होने की सूचना के बीस कार्य दिवसों के भीतर जमा कर दे। आवेदक द्वारा लाइसेंस फीस का समस्त भुगतान अधिमानतः ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जायेगा एवं प्रतिभूति धनराशि, **सावधि जमा रसीद के माध्यम से** जो सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत हो अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से जमा की जायेगी। परन्तु नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद या राष्ट्रीय बचत पत्र (एन0एस0सी0) **अथवा बैंक गारंटी** के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय।

अनुवर्ती वर्ष में दुकान का लाइसेंस लाइसेंसधारी की इच्छा पर राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार नवीकृत किया जा सकेगा, नवीकरण हेतु लाइसेंस फीस एवं प्रतिभूति के अन्तर की धनराशि राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट निर्धारित समयावधि में जमा की जायेगी;

परन्तु, यदि वह विहित अवधि के भीतर लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा करने में विफल रहता है तो उसका चयन निरस्त हो जायेगा;

परन्तु यह और कि ई लाटरी/ई टेण्डर के माध्यम से लाइसेंस व्यवस्थित होने की दशा में, उसकी धरोहर धनराशि तथा लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि, यदि उसके द्वारा जमा की गयी है, तथा लाइसेंस के नवीकृत होने की दशा में उसकी गत वर्ष की जमा प्रतिभूति का 15 प्रतिशत तथा नवीकरण फीस व लाइसेंस फीस, यदि उसके द्वारा जमा की गयी हो, राज्य सरकार के पक्ष में समपहृत कर ली जायेगी और उक्त दुकान को तत्काल सरकार द्वारा यथाविहित रीति से पुनर्व्यवस्थापित कर दिया जायेगा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

8-नियम-13 का संशोधन–उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-13 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम-13 मदिरा का उठान- (क) इस नियमावली के अधीन लाइसेंसधारी विदेशी मदिरा (वाइन सहित) के लागत मूल्य का पूर्ण भुगतान, जिसके अन्तर्गत सभी कर, प्रतिफल शुल्क (अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क सहित) जो समय-समय पर उदग्रहीत किये जांय, अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से जमा करने के पश्चात् जिला के किसी थोक लाइसेंसधारी (विदेशी मदिरा-2/विदेशी मदिरा-2बी) से आपूर्ति प्राप्त करेगा। यदि सम्बन्धित जिला में विदेशी मदिरा-2/ विदेशी मदिरा-2बी का लाइसेंस स्वीकृत नहीं है या आपूर्ति बाधित है तो लाइसेंसधारी, आबकारी आयुक्त की पूर्वानुमति से अन्य जिला/जिलों के थोक बिक्री लाइसेंसधारी (विदेशी मदिरा-2/विदेशी मदिरा-2बी) से विदेशी मदिरा (वाइन सहित)की आपूर्ति प्राप्त करेगा।	नियम-13 मदिरा का उठान- (क) इस नियमावली के अधीन लाइसेंसधारी विदेशी मदिरा (वाइन सहित) के लागत मूल्य का पूर्ण भुगतान, जिसके अन्तर्गत सभी कर, प्रतिफल शुल्क (अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क सहित) जो समय-समय पर उदग्रहीत किये जांय, अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से जमा करने के पश्चात् जिला के किसी थोक लाइसेंसधारी (विदेशी मदिरा-2/विदेशी मदिरा-2बी) से आपूर्ति प्राप्त करेगा। यदि सम्बन्धित जिला में विदेशी मदिरा-2/ विदेशी मदिरा-2बी का लाइसेंस स्वीकृत नहीं है या आपूर्ति बाधित है तो लाइसेंसधारी, आबकारी आयुक्त की पूर्वानुमति से अन्य जिला/जिलों के थोक बिक्री लाइसेंसधारी (विदेशी मदिरा-2/विदेशी मदिरा-2बी) से विदेशी मदिरा (वाइन सहित)की आपूर्ति प्राप्त करेगा।
किसी जिला में अपर्याप्त आपूर्ति की स्थिति में जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी आयुक्त से आदेश प्राप्त करेगा।	किसी जिला में अपर्याप्त आपूर्ति की स्थिति में जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी आयुक्त से आदेश प्राप्त करेगा।
(ख) लाइसेंसधारी के लिए ग्राहकों की मौसमी आवश्यकताओं के अनुसार स्थिर तथा निरन्तर गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने और साथ ही साथ बाजार में नकली आपूर्तियों के किन्ही अवसरों को दूर करने हेतु लगातार विदेशी मदिरा का उठान करना बाध्यकारी होगा। उसे निरन्तर पोर्टल पर लिखित मांगपत्र अथवा संदेश थोक विक्रेता को प्रस्तुत करना होगा। इस क्रम में उपरोक्त आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लाइसेंसधारी को कम से कम गत वर्ष के प्रत्येक त्रैमास में उठायी गयी अथवा प्रत्येक त्रैमास हेतु यथागणित कर निर्धारित की गयी विदेशी मदिरा की मात्रा में निहित प्रतिफल शुल्क के बराबर की विदेशी मदिरा की मात्रा का उठान करना बाध्यकारी होगा;	(ख) लाइसेंसधारी के लिए ग्राहकों की मौसमी आवश्यकताओं के अनुसार स्थिर तथा निरन्तर गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने और साथ ही साथ बाजार में नकली आपूर्तियों के किन्ही अवसरों को दूर करने हेतु लगातार विदेशी मदिरा का उठान करना बाध्यकारी होगा। उसे निरन्तर पोर्टल पर लिखित मांगपत्र अथवा संदेश थोक विक्रेता को प्रस्तुत करना होगा। **उपरोक्त आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लाइसेंसधारी को कम से कम शासन द्वारा विदेशी मदिरा का किसी माह हेतु निर्धारित प्रतिफल शुल्क के समतुल्य की विदेशी मदिरा की मात्रा का उठान करना बाध्यकारी होगा;**
(ग) (एक) यदि लाइसेंसधारी किसी त्रैमास में कम से कम अपने त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के समतुल्य मदिरा(विदेशी मदिरा, वाइन एवं कम तीव्रता के मादक पेय का उठान करने में विफल रहता है, तो अगले त्रैमास हेतु उठान रोक दी जायेगी;	(ग) (एक) यदि लाइसेंसधारी किसी **माह में कम से कम अपने मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के समतुल्य मदिरा (विदेशी मदिरा, वाइन एवं कम तीव्रता के मादक पेय) का उठान करने में विफल रहता है तो वह सम्बन्धित माह के बकाया राजस्व के समतुल्य 10 दिवस के अंदर अतिरिक्त प्रतिभूति जमा करने की अपेक्षा की जायेगी जिसमें विफल रहने पर लाइसेंस स्वत: निरस्त हो जायेगा और बकाया राजस्व की नियमानुसार वसूली की प्रकिया आरम्भ की जायेगी। दुकान पर अविक्रीत स्टाक भी जब्त कर लिया जायेगा।**

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(दो) लाइसेंसधारी विलम्बमर्षण हेतु एवं उस त्रैमास के त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व में कमी के समतुल्य मदिरा उठाने के लिए एक शपथ पत्र के साथ अनुरोध करेगा। विलम्ब मर्षित किये जाने पर लाइसेंसधारी, त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व में कमी के समतुल्य अतिरिक्त प्रतिभूति जमा करेगा;	(दो) **अतिरिक्त प्रतिभूति नियत समय के भीतर जमा करने और गत माह के मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व में कमी के समतुल्य मदिरा उठाने में विलम्ब के मर्षण के पश्चात लाइसेंसधारी को गतमाह के बकाया राजस्व और चालू माह के न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व का उठान अनुमन्य होगा।**
(तीन) इस प्रकार जमा की गयी अतिरिक्त प्रतिभूति, अगले त्रैमास के त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व सहित गत त्रैमास में इस प्रकार हुयी कमी के बराबर मदिरा का उठान किये जाने के पश्चात् वापस कर दी जायेगी;	(तीन) इस प्रकार जमा की गयी अतिरिक्त प्रतिभूति, अगले **माह के मासिक** न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व सहित गत **माह** में इस प्रकार हुयी कमी के बराबर मदिरा का उठान किये जाने के पश्चात् वापस कर दी जायेगी;
(चार) यदि लाइसेंसधारी वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले एक या अधिक त्रैमासों की त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के बराबर मदिरा का उठान करने में विफल रहता है तो उसके द्वारा जमा की गयी अतिरिक्त प्रतिभूति एवं प्रतिभूति को राजस्व की ऐसी कमी के सापेक्ष समायोजित कर ली जायेगी और शेष प्रतिभूति वापस कर दी जायेगी;	(चार) यदि लाइसेंसधारी वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले एक या अधिक **माहो** की **मासिक** न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के बराबर मदिरा का उठान करने में विफल रहता है तो उसके द्वारा जमा की गयी अतिरिक्त प्रतिभूति एवं प्रतिभूति को राजस्व की ऐसी कमी के सापेक्ष समायोजित कर ली जायेगी और शेष प्रतिभूति वापस कर दी जायेगी;
यदि जमा की गयी अतिरिक्त प्रतिभूति और प्रतिभूति राजस्व में कमी के सापेक्ष समायोजन के लिए अपर्याप्त हो तो शेष राजस्व की वसूली उस प्रकार से की जायेगी मानों यह भू-राजस्व का बकाया हो;	यदि जमा की गयी अतिरिक्त प्रतिभूति और प्रतिभूति, राजस्व में कमी के सापेक्ष समायोजन के लिए अपर्याप्त हो तो शेष राजस्व की वसूली उस प्रकार से की जायेगी मानों यह भू- राजस्व का बकाया हो;
(घ) (एक) अपनी दुकान के त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व, जिसे वह उठाने में सक्षम न हो, अन्य दुकान अथवा दुकानों को अन्तरित करना चाहने वाले लाइसेंसधारी को, किसी आबकारी जिला के भीतर त्रैमासिक आधार पर ऐसे अंश(कोटा) का ऐसा अंतरण करने की अनुज्ञा प्रदान की जा सकती है।	(घ) (एक) अपनी दुकान के **मासिक** न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व, जिसे वह उठाने में सक्षम न हो, अन्य दुकान अथवा दुकानों को अन्तरित करना चाहने वाले लाइसेंसधारी को, किसी आबकारी जिला के भीतर **मासिक** आधार पर ऐसे अंश(कोटा) का अंतरण करने की अनुज्ञा प्रदान की जा सकती है।
(दो) अंतरणकर्ता लाइसेंसधारी, अंतरिती लाइसेंसधारी की सहमति से जिला के जिला आबकारी अधिकारी से अनुरोध करेगा। अंतरण की निबन्धनों का विनिश्चय, दोनों अंतरणकर्ता और अंतरिती लाइसेंसधारियों द्वारा पारस्परिक रुप से किया जायेगा।	(दो) अंतरणकर्ता लाइसेंसधारी, अंतरिती लाइसेंसधारी की सहमति से जिला के जिला आबकारी अधिकारी से अनुरोध करेगा। अंतरण की निबन्धनों का विनिश्चय, दोनों अंतरणकर्ता और अंतरिती लाइसेंसधारियों द्वारा पारस्परिक रुप से किया जायेगा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(तीन) अंतरणकर्ता लाइसेंसधारी के अनुरोध का अनुमोदन किये जाने पर उसके द्वारा अंतरित किये जाने हेतु करारकृत कोटा को उसके मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व में से घटा दिया जायेगा और उसे उठा लिया गया समझा जायेगा तथा उसे अंतरिती लाइसेंधारी के लेखा में अंतरित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के रुप में जोड़ दिया जायेगा। यह मात्रा अंतरिती लाइसेंसधारी के मूल मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के अतिरिक्त होगी और उसका मूल कोटा उठाये जाने से सम्बन्धित उसका दायित्व प्रभावित नहीं होगा। परन्तु यह कि इस उपबन्ध के अधीन अंतरित कुल कोटा, अंतरणकर्ता लाइसेंसधारी के त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।	(तीन) अंतरणकर्ता लाइसेंसधारी के अनुरोध का अनुमोदन किये जाने पर उसके द्वारा अंतरित किये जाने हेतु करारकृत कोटा को उसके मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व में से घटा दिया जायेगा और उसे उठा लिया गया समझा जायेगा तथा उसे अंतरिती लाइसेंधारी के लेखा में अंतरित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के रुप में जोड़ दिया जायेगा। यह मात्रा अंतरिती लाइसेंसधारी के मूल मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के अतिरिक्त होगी और उसका मूल कोटा उठाये जाने से सम्बन्धित उसका दायित्व प्रभावित नहीं होगा। परन्तु यह कि इस उपबन्ध के अधीन अंतरित कुल कोटा, अंतरणकर्ता लाइसेंसधारी के **मासिक** न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(1)	Here enter the place
(2)	Here enter the date

On or before the ………………day of ………… the vehicle may be driven to ……………..for the repairs and thereafter to…………………………

I shall not be driven at a speed in excess of ………………….kilometers per hour and no passenger and goods shall be carried.

Fitness is granted…………………

Date………

Name, Signature and Designation
of the Authority

FORM SR-13

[*See* Rule 39(3)**]**

Application for the date of inspection when the same is not endorsed on Form SR-12

PART-A

(To be filled in by the applicant)

To,

The Registering Authority/
Authorised Testing Station……

I hereby apply for the date of inspection under section 56 of Motor Vehicles Act, 1988 of the vehicles described below:-

1. Registration mark of vehicle………
2. Date when certificate of fitness ceased to be valid……………………
3. Name of the fitness certificate issuing authority…………….

Dated…………

Name and Signature
of the applicant

Omitted

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

COLUMN-I	COLUMN-II
Existing Forms	*Forms as hereby substituted*

PART-B

(To be filled in by the registering authority and handed over to the owner)

Registration mark of vehicle…………………

Name and address of the owner………

Whereas the certificate of fitness is to expire on …………of the above mentioned vehicle it may be produced for inspection on……………………... (date, time and place shall be mentioned)

Dated…………

Signature and Designation
of the Registering Authority.

By order,
L. VENKATESHWAR LU,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 319 राजपत्र–2023–(1178)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 7 सा0 परिवहन–2023–(1179)–100 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

319 RPH Parivahan 2023 (Niyamavali-4) data 8e

क्रम-संख्या–100

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस0एस0पी0/एल0-डब्लू/एन0पी0–91/2014–16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, सोमवार, 12 जून, 2023

ज्येष्ठ 22, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

परिवहन अनुभाग–4

संख्या 21/2023/814/तीस-4–2023-8(19)-2018 टीसी

लखनऊ, 12 जून, 2023

अधिसूचना

सा0प0नि0–18

चूंकि साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित मोटर यान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59 सन् 1988) की धारा 211 और धारा 65 की उपधारा (2) के खण्ड (ज) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 को संशोधित करने की दृष्टि से, उक्त अधिनियम सन् 1988 की धारा 212 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार निम्नलिखित नियमावली का प्रारूप अधिसूचना संख्या 10/2023/457/तीस-4-2023-8(19)/2018टीसी, दिनांक 5 अप्रैल, 2023 द्वारा गजट में प्रकाशित किया गया था;

और, चूंकि, प्रस्तावित नियमावली के सम्बन्ध में विहित अवधि के भीतर किसी से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए;

अतएव, अब, साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित मोटर यान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59 सन् 1988) की धारा 211 और धारा 65 की उपधारा (2) के खण्ड (ज) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 को संशोधित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं:-

उत्तर प्रदेश मोटरयान (तीसवाँ संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश मोटर यान (तीसवाँ संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम 50 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 में, नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम 50 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 **विद्यमान नियम**	स्तम्भ-2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
50–रजिस्ट्रीकरण फीस के भुगतान से छूट- निम्नलिखित विवरणों के मोटर यानों के रजिस्ट्रीकरण के लिए कोई फीस नहीं ली जाएगीः-	50–रजिस्ट्रीकरण फीस के भुगतान से छूट- निम्नलिखित विवरणों के मोटर यानों के रजिस्ट्रीकरण अर्थात् रजिस्ट्रीकरण, पुनः रजिस्ट्रीकरण एवं ठीक हालत में होने (परीक्षण तथा प्रमाण-पत्र निर्गमन) के लिए कोई फीस प्रभारित नहीं की जाएगीः-
(एक) कृषि प्रयोजनों के लिए अनन्य रूप से प्रयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर और लोकोमोटिव,	(एक) कृषि प्रयोजनों के लिए अनन्य रूप से प्रयुक्त ट्रैक्टर और लोकोमोटिव;
(दो) पूर्त संस्थाओं के स्वामित्वाधीन और केवल बीमारों या घायलों के परिवहन के लिए अनन्य रूप से प्रयोग किये जाने वाले मोटर एम्बुलेन्स,	(दो) पूर्त संस्थाओं के स्वामित्वाधीन और बीमारों या घायलों के परिवहन के लिए अनन्य रूप से प्रयुक्त मोटर एम्बुलेन्स;
(तीन) ऐसे मोटर वाहन जो सरकार के स्वामित्वाधीन हों या तत्समय सरकार की सेवा में हों,	(तीन) ऐसे मोटर यान, जो या तो सरकार के स्वामित्वाधीन हों या तत्समय सरकार की सेवा में हों;
	(चार) केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के अधीन जारी मोटर यान (यान स्क्रेपिंग सुविधा का रजिस्ट्रीकरण और कार्य) नियम, 2021 के अधीन स्थापित रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रेपिंग सुविधा केन्द्र में स्क्रेप किये गये मोटर यानों पर इस अधिसूचना के दिनांक से एक वर्ष के लिए।
	(पांच) उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति, 2022 के अधिसूचित किये जाने के दिनांक अर्थात् 14.10.2022 से 03 वर्ष की अवधि में उत्तर प्रदेश राज्य में क्रयकृत एवं रजिस्ट्रीकृत किसी इलेक्ट्रिक यान (ईवी) पर।
	(छः) दिनांक 14.10.2022 को अधिसूचित उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति, 2022 की प्रभावी अवधि के चौथे एवं पांचवे वर्ष में उत्तर प्रदेश में विनिर्मित, क्रयकृत तथा रजिस्ट्रीकृत उप नियम (5) के अधीन आच्छादित किसी इलेक्ट्रिक यान (ईवी) पर।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	स्पष्टीकरण :– उपनियम (पांच) में, इलेक्ट्रिक यानों (ईवी) का तात्पर्य बैटरी, अल्ट्राकेपेसिटर या ईधन सेल द्वारा चालित इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग करने वाले समस्त ऑटोमोबाइलों से है। इसमें समस्त 2-व्हीलर, 3-व्हीलर एवं 4-व्हीलर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (एचईवी), प्लग इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (पीएचईवी), बैटरी इलेक्ट्रिक यान (बीईवी), तथा ईधन सेल इलेक्ट्रिक यान (एफसीईवी) सम्मिलित हैं।

आज्ञा से,
एल0 वेंकटेश्वर लू,
प्रमुख सचिव ।

———————

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 21/2023/814/XXX-4–2023-8(19)-2018 TC, dated June 12, 2023 :

No. 21/2023/814/XXX-4–2023-8(19)-2018 TC

Dated Lucknow, June 12, 2023

WHEREAS in exercise of the powers under clause (h) of sub-section (2) of the section 65 and section 211 of the Motor Vehicles Act, 1988 (Act no. 59 of 1988) *read* with section 21 of the General Clauses Act, 1897 (Act no. 10 of 1897) the following draft rules were published in the *Gazette*, *vide* notification no. 10/2023/457/XXX-4–2023-8(19)-2018 TC, dated April 5, 2023 as required under sub-section (1) of section 212 of the said Act of 1988 with a view to amend the Uttar Pradesh Motor Vehicles Rules, 1998;

AND, WHEREAS, no objections and suggestions were received from anyone within the prescribed period with respect to the proposed rules;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers under clause (h) of sub-section (2) of the section 65 and section 211 of the Motor Vehicles Act, 1988 (Act no. 59 of 1988) *read* with section 21 of the General Clauses Act, 1897 (Act no. 10 of 1897), the Governor is pleased to make the following rules with a view to amend the Uttar Pradesh Motor Vehicles Rules, 1998.

THE UTTAR PRADESH MOTOR VEHICLES (THIRTIETH AMENDMENT) RULES, 2023

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Motor Vehicles (Thirtieth Amendment) Rules, 2023. Short title and commencement

(2) It shall come into force with effect from the date of publication in the official *Gazette*.

Amendment of rule 50

2. In the Uttar Pradesh Motor Vehicles Rules, 1998, *for* the existing rule 50 set out in Column-I below the rule as set out in Column-II shall be *substituted*, namely :–

Column- I	Column- II
(Existing rule)	**(Rule as hereby substituted)**
50. Exemption from payment of registration fees- No fee shall be charged for the registration of motor vehicles of the following descriptions-	50. Exemption from payment of registration fees- No fee shall be charged for the registration i.e., registration, re-registration and fitness (test and issuance of certificate) of motor vehicles of following descriptions :-
(i) Tractors and locomotives used solely for agricultural purposes;	(i) Tractors and locomotives used solely for agricultural purposes;
(ii) Motor ambulances owned by charitable institutions and used solely for the conveyance of sick or injured;	(ii) Motor ambulances owned by charitable institutions and used solely for the conveyance of sick or injured;
(iii) Such motor vehicles as are owned by Government or are for the time being in the service of the Government.	(iii) Motor vehicles either owned by Government or for the time being in the service of the Government;
	(iv) Motor vehicles scrapped in the Registered Vehicle Scrapping Facility Centre established under Motor Vehicles (Registration and functions of Vehicle Scrapping Facility) Rules, 2021 issued under the Central Motor Vehicle Rules, 1989 for one year from the date of this notification.
	(v) any electric vehicle (EV) purchased and registered in the State of Uttar Pradesh over a period of 03 years from the date of notification of Uttar Pradesh Electric Vehicle Manufacturing and Mobility Policy, 2022,i.e., 14.10.2022;
	(vi) any electric vehicle (EV) manufactured, purchased and registered in Uttar Pradesh in the fourth and fifth year of effective period of Uttar Pradesh Electric Vehicle Manufacturing and Mobility Policy, 2022 notified on 14.10.2022 covered under sub-rule (v).
	Explanation :– In sub-rule (v), Electric vehicles (EV) means all automobiles using an electric motor that are driven by either batteries, ultra-capacitors or fuel cells. This includes all 2-wheeler, 3-wheeler and 4-wheeler Strong Hybrid Electric Vehicle (HEV), Plug in Hybrid Electric Vehicle (PHEV), Battery Electric Vehicle (BEV) and Fuel Cell Electric Vehicle (FCEV).

By order,

L. VENKATESHWAR LU,

Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 408 राजपत्र–2023–(1320)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 8 सा0 परिवहन–2023–(1321)–100 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

क्रम-संख्या–3 (क–1)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड क)
(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बुधवार, 17 जनवरी, 2024
पौष 27, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग–9

संख्या 108 / नौ–9-2024-42 ज-2023
लखनऊ, 17 जनवरी, 2024

अधिसूचना

सा०प०नि०–10

चूँकि उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1959) (जिसे आगे ''उक्त अधिनियम'' कहा गया है) की धारा 174, 207, 207क तथा 227 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल जिस उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2023 को बनाने का प्रस्ताव करती हैं, उसके सम्बन्ध में उक्त अधिनियम की धारा 540 की उपधारा (2) के अधीन यथा अपेक्षित सरकारी अधिसूचना संख्या 1131 / नौ–9–2023-42ज-2023, दिनांक 30 जून, 2023 द्वारा पूर्वोक्त अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से सात दिनों के भीतर आपत्तियाँ और सुझाव आमंत्रित किये जाने के लिए प्रकाशित की गयी थी;

और, चूँकि, पूर्वोक्त अधिसूचना संख्या 1131 / नौ-9–2023-42ज-2023, दिनांक 30 जून, 2023 के अनुसरण में प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर कार्यालय–ज्ञाप संख्या 1648 / नौ-9–2023-42ज-2023, दिनांक 15 सितम्बर, 2023 द्वारा विचार किया गया;

अतएव, अब, उक्त अधिनियम की धारा 174, 207, 207क तथा 227 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके उत्तर प्रदेश, नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं, अर्थात् :–

उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त नगर निगमों के लिये लागू होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

नियम 4क का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 में नियम 4क के उपनियम (2) की अनुसूची में,–

(एक) नीचे स्तम्भ–1 में दी गयी क्रम संख्या 6 की विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर स्तम्भ–2 में दी गई प्रविष्टियाँ रख दी जायेंगी, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक विद्यमान प्रविष्टि			स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित प्रविष्टि		
श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासिक भवन की किराए की दर	श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासिक भवन की मासिक किराए की दर
6	माल्स, चार सितारा और उससे ऊपर के होटल, पब्स, बार, वासगृह, जहाँ भोजन के साथ मदिरा भी परोसी जाती है	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का 6 गुना	6	माल्स, पर्यटन विभाग से अरजिस्ट्रीकृत होटल, पब्स, बार, वासगृह, जहाँ भोजन के साथ मदिरा परोसी जाती है	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का छः गुना

(दो) नीचे स्तम्भ–1 में दी गयी क्रम संख्या 8 की विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर स्तम्भ–2 में दी गई प्रविष्टियाँ रख दी जायेंगी, अर्थात :–

स्तम्भ–एक विद्यमान प्रविष्टि			स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित प्रविष्टि		
श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासिक भवन की किराए की दर	श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासिक भवन की मासिक किराए की दर
8	औद्योगिक इकाइयाँ, सरकारी अर्द्ध सरकारी और सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का तीन गुना	8	औद्योगिक इकाइयाँ, स्टार श्रेणी के होटल एवं रिसार्ट्स एवं पात्र पर्यटन इकाइयां जो उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग से रजिस्ट्रीकृत हों, सरकारी अर्द्ध सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यालय	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का तीन गुना

आज्ञा से,

अमृत अभिजात,

प्रमुख सचिव।

1166 RPH 2024 (Nagar Vikas-9) Data 1e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 108/IX-9-2024-42J-2023, dated January 17, 2024:

No. 108/IX-9-2024-42J-2023

Dated Lucknow, January 17, 2024

WHEREAS the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) (Fourth Amendment) Rules, 2023 which the Governor proposes to make in exercise of the powers under sections 174, 207, 207A and 227 of the Uttar Pradesh Municipal Corporation Act, 1959 (U.P. Act no. 2 of 1959) (hereinafter referred to as the "said Act") *read* with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 (U.P. Act no. 1 of 1904) was published, as required under sub-section (2) of section 540 of the said Act, *vide* Government notification no. 1131/IX-9-2023-42J-2023, dated 30th June, 2023 inviting objections and suggestions in respect thereof within seven days from the date of publication of the aforesaid notification in the *Gazette*;

AND, WHEREAS, objections and suggestions received in pursuance of the aforesaid notification no. 1131/IX-9-2023-42J-2023, dated 30th June, 2023, were considered *vide* Office memorandum no. 1648/IX-9-2023-42J-2023, dated 15th September, 2023;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers under sections 174, 207, 207A and 227 of the said Act, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amend the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) Rules, 2000, namely :–

THE UTTAR PRADESH MUNICIPAL CORPORATION (PROPERTY TAX) (FOURTH AMENDMENT) RULES, 2023

Short title, extent and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) (Fourth Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall be applicable to all Municipal Corporations of the state of Uttar Pradesh.

(3) They shall come into force with effect from the date of their publication in the *Gazette.*

Amendment of rule 4-A

2. In the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Property Tax) Rules, 2000 in the schedule to sub-rule (2) of rule 4-A :-

(i) *for* the existing entries at serial no. 6 set out in Column-I below, the entries as set out in Column-II shall be *substituted*, namely :-

COLUMN-I *Existing entry*			COLUMN-II *Entry as hereby substituted*		
Category	Details of Property	Rate of monthly rent of non-residential building	Category	Details of Property	Rate of monthly rent of non-residential building
6	Malls, Hotels of four stars and above, pubs, bars, lodging house where wine is served with food	Six times of the rate fixed under sub rule (1)	6	Malls, hotels not registered with Tourism Department; pubs, bars, lodging house where wine is served with food	Six times of the rate fixed under sub-rule (1)

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

(ii) *for* the existing entries at serial no. 8 set out in Column-I below, the entries as set out in Column-II shall be *substituted*, namely :-

COLUMN-I *Existing entry*			COLUMN-II *Entry as hereby substituted*		
Category	Details of Property	Rate of monthly rent of non-residential building	Category	Details of Property	Rate of monthly rent of non-residential building
8	Industrial units, offices of Govt., Semi Government and public undertakings	Three times of the rate fixed under sub rule (1)	8	Industrial units, star category Hotels and resorts, and eligible tourism units registered with Uttar Pradesh Tourism Department, offices of Government, Semi-Government and public undertakings	Three times of the rate fixed under sub-rule (1)

By order,

AMRIT ABHIJAT,

Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0—ए0पी0 1166 राजपत्र—2024—(3209)—599 प्रतियाँ (डी0टी0पी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0—ए0पी0 4 सा0 नगर विकास—2024—(3210)—100 प्रतियाँ (डी0टी0पी0 / ऑफसेट)।

1166 RPH 2024 (Nagar Vikas-9) Data 1e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम-संख्या—77 (क)

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस०एस०पी० / एल०—
डब्लू० / एन०पी०—91 / 2014—16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बुधवार, 26 अप्रैल, 2023

बैशाख 6, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

गृह (पुलिस सेवाएं) अनुभाग—1

संख्या 826 / छः-पु0से0-1—2023
ई फाइल संख्या 6—17001(011) / 177—2020
लखनऊ, 26 अप्रैल, 2023

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0—15

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा नियमावली, 2016 में संशोधन की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1—(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 5 का संशोधन

2—उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा नियमावली, 2016 जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में, नीचे स्तम्भ—1 में दिये गये विद्यमान नियम 5(1)(दो) के स्थान पर स्तम्भ—2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :—

स्तम्भ—1 **विद्यमान नियम**	स्तम्भ—2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
भर्ती का स्रोत :—	**भर्ती का स्रोत :—**
5—(1)(दो) पचास प्रतिशत, नागरिक पुलिस और सशस्त्र पुलिस के ऐसे निरीक्षकों में से, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो और उक्त पद पर स्थायी भी हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा :	5—(1)(दो) पचास प्रतिशत पद, जिनमें 89 प्रतिशत नागरिक पुलिस निरीक्षकों और 11 प्रतिशत सशस्त्र पुलिस कम्पनी कमाण्डरों / प्रतिसार निरीक्षकों के पद सम्मिलित हैं, नागरिक पुलिस और सशस्त्र पुलिस के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे निरीक्षकों में से

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ–1 **विद्यमान नियम**	स्तम्भ–2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
	जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो और उक्त पद पर स्थायी भी हों, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा :
परन्तु यह कि भर्ती के किसी वर्ष हेतु रिक्तियों का दो प्रतिशत भाग सरकार की विशिष्ट संस्तुतियों पर आयोग के माध्यम से बिना पारी पदोन्नति द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल के ऐसे पुलिस निरीक्षकों/कम्पनी कमाण्डरों में से भरा जायेगा जिन्होंने निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किया हो :–	परन्तु यह कि भर्ती के किसी वर्ष हेतु रिक्तियों का दो प्रतिशत भाग सरकार की विशिष्ट संस्तुतियों पर आयोग के माध्यम से बिना पारी पदोन्नति द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल के ऐसे पुलिस निरीक्षकों/ कम्पनी कमाण्डरों में से भरा जायेगा जिन्होंने निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किया हो :–
(क) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात विश्व चैम्पियनशिप में, चाहे किसी दल में या व्यक्ति खेल में, जो अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत या कांस्य पदक या चतुर्थ स्थान तक अवश्य प्राप्त किया हो;	(क) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात पी0जे0ओ0एम0 चैम्पियनशिप में, चाहे किसी दल में या वैयक्तिक खेल में, जो अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत या कांस्य पदक या चतुर्थ स्थान तक अवश्य प्राप्त किया हो;
अथवा	अथवा
(ख) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त ओलंपिक खेलों में अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत या कांस्य पदक या चतुर्थ स्थान तक अवश्य प्राप्त किया हो;	(ख) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त ओलंपिक खेलों में अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत या कांस्य पदक या चतुर्थ स्थान तक अवश्य प्राप्त किया हो;
अथवा	अथवा
(ग) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात एशियन खेलों/एशियन चैम्पियनशिप में, जो अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत पदक अवश्य प्राप्त किया हो;	(ग) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात एशियन खेलों/एशियन चैम्पियनशिप/कॉमन वेल्थ गेम एवं कॉमन वेल्थ चैम्पियनशिप में, जो अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण पदक अवश्य प्राप्त किया हो;
अथवा	अथवा
(घ) यदि उसने खेलों में देश का सर्वोच्च पुरस्कार या उत्कृष्टता, ''अर्जुन पुरस्कार''/''राजीव गाँधी खेल रत्न'' अर्जित किया हो। यदि नागरिक पुलिस या सशस्त्र पुलिस का कोई निरीक्षक पदोन्नति के लिए दिये गये मानदण्डों को पूर्ण करता है तो ऐसी दशा में अपनी स्पष्ट संस्तुतियों के साथ पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा और राज्य	(घ) यदि उसने खेलों में देश का सर्वोच्च पुरस्कार या उत्कृष्टता, ''अर्जुन पुरस्कार''/''राजीव गाँधी खेल रत्न'' अर्जित किया हो। यदि नागरिक पुलिस या सशस्त्र पुलिस का कोई निरीक्षक पदोन्नति के लिए दिये गये मानदण्डों को पूर्ण करता है तो ऐसी दशा में अपनी स्पष्ट संस्तुतियों के साथ पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा और राज्य

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ–1 **विद्यमान नियम**	स्तम्भ–2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
सरकार द्वारा आयोग की सहमति से बिना पारी पदोन्नति प्रदान की जायेगी। यदि इस परन्तुक के अधीन बिना पारी पदोन्नति के लिए ऐसा व्यक्ति या ऐसे व्यक्तियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो तो शेष रिक्तियाँ इस नियमावली में विहित सामान्य प्रक्रिया के अनुसार भरी जायेंगी।	सरकार द्वारा आयोग की सहमति से बिना पारी पदोन्नति प्रदान की जायेगी। यदि इस परन्तुक के अधीन बिना पारी पदोन्नति के लिए ऐसा व्यक्ति या ऐसे व्यक्तियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो तो शेष रिक्तियाँ इस नियमावली में विहित सामान्य प्रक्रिया के अनुसार भरी जायेंगी।

नियम 16 का प्रतिस्थापन

3–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 16 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 **विद्यमान नियम**	स्तम्भ–2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
साधारण श्रेणी हेतु आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया :–	**साधारण श्रेणी हेतु आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया :–**
16–साधारण श्रेणी हेतु पदोन्नति द्वारा भर्ती, मौलिक रूप से नियुक्त नागरिक पुलिस और सशस्त्र पुलिस के निरीक्षकों में से विभागाध्यक्ष द्वारा तैयार की गयी उनकी संयुक्त ज्येष्ठता सूची के अनुसार योग्यता के आधार पर, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 1970 के अनुसार की जायेगी।	16–साधारण श्रेणी हेतु पदोन्नति द्वारा भर्ती, मौलिक रूप से नियुक्त 89 प्रतिशत नागरिक पुलिस निरीक्षकों और 11 प्रतिशत सशस्त्र पुलिस कम्पनी कमाण्डरों/प्रतिसार निरीक्षकों में से विभागाध्यक्ष द्वारा तैयार की गयी उनकी पृथक–पृथक ज्येष्ठता सूची के अनुसार योग्यता के आधार पर, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 1970 के अनुसार की जायेगी। तथापि भविष्य में पदों की वृद्धि की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए उनकी प्रत्येक तीन वर्ष पर समीक्षा की जायेगी।

आज्ञा से,
संजय प्रसाद,
प्रमुख सचिव।

272 RPH 2023 [Grih (Police) anu-1 (Niyamavali-II) Data 4 e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 826/VI-P.S.-1–2023, dated April 26, 2023:

No. 826/VI-P.S.-1–2023

E-file no. 6-17001(011)/177-2020

Dated Lucknow, April 26, 2023

IN exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Police Service Rules, 2016.

THE UTTAR PRADESH POLICE SERVICE (SECOND AMENDMENT) RULES, 2023

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Police Service (Second Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall come into force at once.

Amendment of rule 5

2. In the Uttar Pradesh Police Service Rules, 2016, hereinafter referred to as the said rules, in rule *for* existing rule 5(1)(ii) set out in Column-I below, the rule as set out in Column-II shall be *substituted*, namely:-

COLUMN-I *Existing rule*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
Source of recruitment :– 5. (1)(ii) Fifty percent by promotion through the Commission from amongst substantively appointed Inspectors of Civil Police and Armed Police who have completed five years service as such on the first day of the year of recruitment and are also confirmed in the said Post:	**Source of recruitment :–** 5. (1)(ii) Fifty percent which inclueds 89% Inspectors of Civil Police and 11% Company Commander/Reserve Inspector of Armed Police by promotion through the Commission from amongst substantively appointed Inspectors of Civil Police and Armed Police who have completed five years service as such on the first day of the year of recruitment and are also confirmed in the said Post:
Provided that two percent of the vacancies for a year of recruitment may be filled by out of turn promotion through the Commission on the specific recommendation of the Government from amongst such Police Inspectors/Company Commanders of Uttar Pradesh Police Force who have achieved the following awards :–	Provided that two percent of the vacancies for a year of recruitment may be filled by out of turn promotion through the Commission on the specific recommendation of the Government from amongst such Police Inspectors/ Company Commanders of Uttar Pradesh Police Force who have achieved the following awards :–
(a) After having been selected to the Indian team should have participated in World Championship, either in a team or individual event, which is recognised by the International Olympic Association and should have earned a Gold or Silver or Bronze Medal or up to the fourth place;	(a) After having been selected to the Indian team should have participated PJOM Championship, either in a team or individual event, which is recognised by the International Olympic Association and should have earned a Gold or Silver or Bronze Medal or up to the fourth place;
Or	**Or**

COLUMN-I *Existing rule*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
(b) After having been selected to the Indian team should have participated in Olympic Games which is recognised by the International Olympic Association and should have earned a Gold or Silver or Bronze Medal or up to the fourth place;	(b) After having been selected to the Indian team should have participated in Olympic Games which is recognised by the International Olympic Association and should have earned a Gold or Silver or Bronze Medal or up to the fourth place;
Or	**Or**
(c) After having been selected to the Indian team should have participated in Asian Games/Asian Championship which is recognised by the International Olympic Association and should have earned a Gold or Silver Medal;	(c) After having been selected to the Indian team should have participated in Asian Games/Asian Championship/ Common Wealth Game and Common Wealth Championship which is recognised by the International Olympic Association and should have earned a Gold Medal;
Or	**Or**
(d) If he/she has earned country's highest award or excellence in sports "Arjuna Award"/"Rajeev Gandhi Khel Ratna". If any Inspector of Civil Police or Armed Police qualifies the criterion laid down for promotion in such case then a proposal would be forwarded to the Government by the Director General of Police, Uttar Pradesh with clear recommendation and the out of turn promotion will be awarded by the State Government with the concurrence of the Commission. If such person or sufficient number of such persons are not available for out of turn promotion under this proviso, the remaining vacancies shall be filled in accordance with the general procedure prescribed in this rule.	(d) If he/she has earned country's highest award or excellence in sports "Arjuna Award"/"Rajeev Gandhi Khel Ratna". If any Inspector of Civil Police or Armed Police qualifies the criterion laid down for promotion in such case then a proposal would be forwarded to the Government by the Director General of Police, Uttar Pradesh with clear recommendation and the out of turn promotion will be awarded by the State Government with the concurrence of the Commission. If such person or sufficient number of such persons are not available for out of turn promotion under this proviso, the remaining vacancies shall be filled in accordance with the general procedure prescribed in this rule.

3. In the said rules, for existing rule 16 set out in Column-1 below, the rule as set out in Column-2 shall be *substituted*, namely :– Substitution of rule 16

COLUMN-I *Existing rule*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
Procedure for recruitment by promotion through the Commission to Ordinary Grade :–	**Procedure for recruitment by promotion through the Commission to Ordinary Grade :–**
16. Recruitment by promotion to the Ordinary Grade shall be made on the basis of merit in accordance with the Uttar Pradesh Promotion by Selection in Consultation with Public Service	16. Recruitment by promotion to the Ordinary Grade shall be made on the basis of merit in accordance with the Uttar Pradesh Promotion by Selection in Consultation with Public Service

272 RPH 2023 [Grih (Police) anu-1 (Niyamavali-II) Data 4 e

COLUMN-I *Existing rule*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
Commission (Procedure) Rules, 1970, as amended from time to time, from amongst substantively appointed Inspectors of Civil Police and Armed Police as per their combined seniority list to be prepared by Head of Department.	Commission (Procedure) Rules, 1970, as amended from time to time, from amongst substantively appointed 89% Inspectors of Civil Police and 11% CC/RI Armed Police as per their seprate seniority list to be prepared by Head of Department. However, in view of the possibility of increase of posts in future, they will be reviewed every three years.

By order,
SANJAY PRASAD,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0—ए0पी0 272 राजपत्र—2023—(1075)—599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0—ए0पी0 2 सा0 गृह (पुलिस)—2023—(1076)—500 प्रतियां (कम्प्यूट / टी0 / ऑफसेट)।

272 RPH 2023 [Grih (Police) anu-1 (Niyamavali-II) Data 4 e

क्रम-संख्या–116(क–1)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस0एस0पी0/एल0-डब्लू/एन0पी0–91/2014–16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बुधवार, 5 जुलाई, 2023

आषाढ़ 14, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

औद्योगिक विकास अनुभाग–2

संख्या 615/77-2–2023-3(मुद्रण)-2017

लखनऊ, 5 जुलाई, 2023

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0–26

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके और उक्त विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री सुरक्षा सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं :–

उत्तर प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री सुरक्षा सेवा नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री सुरक्षा सेवा नियमावली, 2023 कही जायेगी;

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2–उत्तर प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री सुरक्षा सेवा में समूह 'ग' के पद समाविष्ट हैं।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

परिभाषाएं

3–जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में–

(क) **'अधिनियम'** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 से है;

(ख) **'नियुक्ति प्राधिकारी'** का तात्पर्य परिशिष्ट 'क' के स्तम्भ संख्या 7 में प्रत्येक पद के सापेक्ष इस रूप में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से है;

(ग) **'भारत का नागरिक'** का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय;

(घ) **'संविधान'** का तात्पर्य भारत का संविधान से है;

(ङ) **'राज्यपाल'** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज़्यपाल से है;

(च) **'सरकार'** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से है;

(छ) **'आयोग'** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है;

(ज) **'निदेशक'** का तात्पर्य निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश से है;

(झ) **'संयुक्त निदेशक'** का तात्पर्य संयुक्त निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश से है;

(ञ) **'उप निदेशक'** का तात्पर्य उप निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश से है;

(ट) **'सेवा का सदस्य'** का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली अथवा इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति से है;

(ठ) **'नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों'** का तात्पर्य समय–समय पर यथा संशोधित उक्त अधिनियम की अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है;

(ड) **'सेवा'** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री सुरक्षा सेवा से है;

(ढ) **'मौलिक नियुक्ति'** का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है जो तदर्थ नियुक्ति न हो, नियमों के अनुसार चयन के पश्चात की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो;

(ण) **'भर्ती का वर्ष'** का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग–दो–संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4–(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय;

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायें, सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी परिशिष्ट 'क' में दी गयी है।

परन्तु यह कि –

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुये छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा; या

(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं जिन्हें वह उचित समझें।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

भाग—तीन—भर्ती

भर्ती का स्रोत

5—सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती प्रत्येक पद के सापेक्ष उल्लिखित स्रोतों से की जायेगी जैसा कि परिशिष्ट 'ख' के स्तम्भ 4 में दर्शाया गया है।

आरक्षण

6—अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण समय—समय पर यथासंशोधित उक्त अधिनियम और उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1993 और भर्ती के समय प्रवृत्त शासनादेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग—चार—अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7—सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी—

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 से पूर्व भारत आया हो; या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, म्यांमार (बर्मा), श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगाण्डा और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो :

परन्तु यह कि, उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण—पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि, श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उप महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तर प्रदेश से पात्रता का प्रमाण—पत्र प्राप्त कर ले :

परन्तु यह भी कि, यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण—पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी— ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण—पत्र आवश्यक हो, किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस बात के अध्यधीन अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण—पत्र प्राप्त कर लिया जाये या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाये।

शैक्षिक अर्हता एवं पात्रता

8—सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये किसी अभ्यर्थी को परिशिष्ट 'ख' में पद के सापेक्ष स्तम्भ (3) में यथा उल्लिखित शैक्षणिक अर्हता एवं पात्रता धारित करना आवश्यक है।

अधिमानी अर्हता

9—अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा, जिसने—

(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण—पत्र प्राप्त किया हो।

आयु

10—सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष की, जिसमें आयोग द्वारा सीधी भर्ती के लिये रिक्तियां विज्ञापित की जायं, पहली जुलाई को अठारह वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त न की हो :

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय—समय पर अधिसूचित की जायं, अभ्यर्थियों के मामले में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र

11—सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी—संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अथवा संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

वैवाहिक प्रास्थिति

12—सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो :

परन्तु सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान हैं।

शारीरिक स्वस्थता

13—किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो, जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह फाइनेन्शियल हैण्डबुक खण्ड—2, भाग—4 के अध्याय तीन में अन्तर्विष्ट फण्डामेन्टल रूल 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार चिकित्सीय स्वस्थता प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करे :

परन्तु यह कि, पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये किसी अभ्यर्थी से चिकित्सीय स्वस्थता प्रमाण—पत्र की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

भाग—पांच—भर्ती की प्रक्रिया

रिक्तियों का अवधारण

14—नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती के वर्ष के प्रक्रम के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम—6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियो की संख्या भी अवधारित करेगा और उसकी सूचना अधीनस्थ आयोग को देगा।

आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15—सेवा में गेटमैन के पद पर सीधी भर्ती, समय—समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015 के अनुसरण में की जायेगी।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

16—(1) गेट जमादार के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर ऐसी चयन समिति के माध्यम से की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित समाविष्ट होंगे—

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी;

(दो) समूह 'ख' अधिकारी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, राजकीय मुद्रणालय की श्रेणी से अनिम्न अधिकारी/चयन किये जाने वाले पद पर पर्यवेक्षणीय नियंत्रण रखने वाले नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट पुलिस उपाधीक्षक की श्रेणी से अनिम्न प्रान्तीय पुलिस सेवा का अधिकारी;

(तीन) एक राजपत्रित अधिकारी :

परन्तु यह कि यदि इस प्रकार गठित चयन समिति में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्ति सम्मिलित न हों तो प्रतिनिधित्व न दिये गये ऐसी जातियो/जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को समूह 'ख' का पद धारण करने वाले व्यक्तियों के मध्य से नियुक्ति प्राधिकारी के सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की पात्रता सूची समय—समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझे जायं, चयन समिति के समक्ष रखेगा ;

(3) चयन समिति उप नियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो वह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है ;

(4) चयन समिति, चयन किये गये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता क्रम में जैसी उस संवर्ग में हो, जिससे उसकी पदोन्नति की जानी है, एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

भाग—छः—नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

17—(1) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर जिसमें वे नियम—15 अथवा 16, यथास्थिति के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों, नियुक्ति करेगा;

(2) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें व्यक्तियों के नामो का उल्लेख ज्येष्ठता क्रम में उल्लिखित किया जायेगा जैसा चयन में अवधारित किया जाय।

परिवीक्षा

18—(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति को समय—समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक परिवीक्षा नियमावली, 2013 के अनुसार परिवीक्षा पर रखा जायेगा;

(2) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी समय या उसके अन्त में नियुक्त प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या अन्यथा समाधान प्रदान करने में विफल हो गया है तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं;

(3) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जो प्रतिवर्तित किया गया हो अथवा जिसकी सेवायें समाप्त की गयी हों, उप नियम (2) के अधीन किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

स्थायीकरण

19—(1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि—

(क) उसका कार्य एवं आचरण संतोषजनक बताया जाय ;

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो; और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाये कि वह स्थायीकरण हेतु अन्यथा उपयुक्त है।

ज्येष्ठता

20—सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय—समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार अवधारित की जायेगी।

भाग—सात—वेतन, इत्यादि

वेतनमान

21—(1) सेवा में पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा, जैसा राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर अवधारित किया जाय;

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय के वेतनमान परिशिष्ट 'क' के स्तम्भ 3 में दिये गये हैं।

परिवीक्षा अवधि में वेतन

22—(1) फण्डामेन्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से ही स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तभी दी जायेगी जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :

परन्तु यह कि, यदि संतोष प्रदान करने में विफलता के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाती है तो ऐसे विस्तार की गणना वेतन वृद्धि के लिए नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें;

(2) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन, सुसंगत फण्डामेंटल रूल्स द्वारा विनियमित होगा :

परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान करने में विफलता के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाती है तो ऐसे विस्तार की गणना वेतन वृद्धि के लिये नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें;

(3) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवारत किसी सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

भाग–आठ–अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन

23–किसी पद पर या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्ही सिफारिशों पर चाहे लिखित हो या मौखिक विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों पर विनियमन

24–ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलापों के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलता

25–जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहां वह उस मामले में लागू नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अध्यधीन जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है :

परन्तु यह कि, जहाँ कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया है वहाँ उस नियम की अपेक्षाओं को अभिमुक्त या शिथिल करने से पूर्व उस निकाय से परामर्श किया जायेगा।

व्यावृत्ति

26–इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव, ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस संबंध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,

नरेन्द्र भूषण,

प्रमुख सचिव,

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,

उत्तर प्रदेश शासन।

परिशिष्ट ''क''

[नियम 3 (क) 4 (2) और 22 (2) देखें]

क्रम संख्या	पद का नाम	वेतन बैण्ड, ग्रेड वेतन एवं मैट्रिक्स (रूपया)	पदों की संख्या			नियुक्ति प्राधिकारी
			स्थायी	अस्थायी	योग	
1	2	3	4	5	6	7
1	गेटमैन	वेतन बैण्ड–1 5,200–20,200 ग्रेड वेतन 1,900 वेतन मैट्रिक्स लेवल–2 वेतन मैट्रिक्स– 19,900–63,200	93	–	93	उप निदेशक
2	गेट जमादार	वेतन बैण्ड–1 5,200–20,200 ग्रेड वेतन 2,000 वेतन मैट्रिक्स लेवल–3 वेतन मैट्रिक्स– 21,700–69,100	05	–	05	संयुक्त निदेशक

आज्ञा से,

नरेन्द्र भूषण,

प्रमुख सचिव,

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,

उत्तर प्रदेश शासन।

441 RPH 2023 (Audyogic Vikas Anu-21 folder) data 8e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

परिशिष्ट ''ख''
(नियम 5 और 8 देखें)

क्रम संख्या	पद का नाम	शैक्षिक अर्हता और शारीरिक मानक	भर्ती का स्रोत
1	2	3	4
1	गेटमैन	1—माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या उसके समकक्ष सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण कर ली हो। 2—पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शारीरिक मानक— **(क) ऊँचाई**— (एक) सामान्य/अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊँचाई 168 सेंटीमीटर होनी चाहिये; (दो) अनुसूचित जनजातियों के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊँचाई 160 सेंटीमीटर होनी चाहिये। **(ख) वक्ष**— सामान्य/अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम वक्ष की माप बिना फुलाये 79 सेंटीमीटर और फुलाने पर कम से कम 84 सेंटीमीटर होनी चाहिये और अनुसूचित जनजातियों के लिए बिना फुलाये 77 सेंटीमीटर और फुलाने पर अन्यून 82 सेंटीमीटर होनी चाहिये। **टिप्पणी**—न्यूनतम 5 सेंटीमीटर वक्ष फुलाना आवश्यक है। 2—महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शारीरिक मानक— **(क) ऊँचाई**— (एक) सामान्य/अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों के महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊँचाई 152 सेंटीमीटर होनी चाहिये; (दो) अनुसूचित जनजातियों के महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊँचाई 147 सेंटीमीटर होनी चाहिये; **(ख) वजन**— महिला अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम 40 किलोग्राम।	आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती
2	गेट जमादार	--	मौलिक रूप से नियुक्त गेटमैनों में से, जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

आज्ञा से,

नरेन्द्र भूषण,
प्रमुख सचिव,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

441 RPH 2023 (Audyogic Vikas Anu-21 folder) data 8e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 615/LXXVII-2–2023-3(mudran)-2017, dated July 5, 2023

No. 615/LXXVII-2–2023-3(mudran)-2017

Dated Lucknow, July 5, 2023

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, and in supersession of all existing rules and orders on the subject, Governor is pleased to make the following rules regulating and the conditions of service of persons appointed to the Uttar Pradesh Printing and Stationery Security Service Rules, 2023 :

THE UTTAR PRADESH PRINTING AND STATIONERY SECURITY SERVICE RULES, 2023

Short title and Commencement

1. (1) These rules may be called 'The Uttar Pradesh Printing and Stationery Security Service Rules, 2023'.

(2) They shall come into force at once.

Status of the service

2. Uttar Pradesh Printing and Stationery Security Service Comprises Group 'C' posts.

Definitions

3. In these rules unless there is anything repugnant in the subject or context :

(a) "Act" means the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994;

(b) "Appointing Authority" means the authority specified as such against each post in column no. 7 of Appendix "A";

(तीन) खण्ड (दो) में निर्दिष्ट अभ्यर्थी को इस निर्देश के साथ सूचना भेजेगा कि वह प्रबन्धक से नियुक्ति का आदेश प्राप्त करने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर या ऐसे बढ़ाये गए समय के भीतर, जिसकी अनुमति प्रबन्धतन्त्र द्वारा उसे दी जाये, प्रबन्धक को अपनी उपस्थिति सूचित करे।

(2) प्रबन्धतन्त्र उपनियम (1) के अधीन दिए गए निदेशों का अनुपालन करेगा और इसके अनुपालन की सूचना निरीक्षक के माध्यम से बोर्ड/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को देगा।

स्तम्भ—1	स्तम्भ—2
विद्यमान व्यवस्था	**प्रतिस्थापित व्यवस्था**
नियम 13	**नियम 13**
(3) जब उपनियम (1) में निर्दिष्ट अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र में अनुमत समय के भीतर या ऐसे बढ़ाये गए समय के भीतर जैसा प्रबन्धतन्त्र इस निमित्त अनुमति दे, पद का कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहे या जहाँ, ऐसा अभ्यर्थी नियुक्ति के लिये अन्यथा उपलब्ध न हो, वहाँ निरीक्षक, प्रबन्धतन्त्र के अनुरोध पर ऐसे नये अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के नाम, जो पैनल से योग्यता क्रम में उसके बाद हो, भेजेगा और उसकी सूचना संयुक्त निदेशक और बोर्ड को देगा, और उपनियम (1) और (2) के उपबन्ध यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।	(3) जहाँ उपनियम (1) में निर्दिष्ट अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र में अनुमत समय के भीतर या ऐसे बढ़ाये गए समय के भीतर जैसा प्रबन्धतन्त्र इस निमित्त अनुमति दे, पद का कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहे या जहाँ, ऐसा अभ्यर्थी नियुक्ति के लिये अन्यथा उपलब्ध न हो, वहाँ निरीक्षक, प्रबन्धतन्त्र के अनुरोध पर ऐसे नये अभ्यर्थियों के नाम उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध निदेशक, माध्यमिक शिक्षा से करेगा। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये अवशेष पैनल (25 प्रतिशत से अनधिक) से योग्यता क्रम में नाम निरीक्षक को भेजेगा और निरीक्षक उपनियम (1) के अधीन निदेशक, माध्यमिक शिक्षा द्वारा दिये गये अनुदेशों के अनुसार पैनल जारी करेगा।
(4) संयुक्त निदेशक अनुश्रवण (मानीटरिंग) करेगा और सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड द्वारा चयनित अभ्यर्थी संस्था में विनिर्दिष्ट समय में कार्यभार ग्रहण करें और इस प्रयोजन के लिये वह निरीक्षक को ऐसे निर्देश जारी कर सकता है जैसा उचित समझे।	(4) संयुक्त शिक्षा निदेशक अनुश्रवण करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड द्वारा चयनित अभ्यर्थी संस्था में विनिर्दिष्ट समय में कार्यभार ग्रहण करें और इस प्रयोजन के लिये वह निरीक्षक को ऐसे निदेश जारी कर सकता है जैसा कि वह उचित समझे।
(5) जहाँ बोर्ड द्वारा चयनित अभ्यर्थी रिक्ति की अनुपलब्धता या किसी अन्य कारण से आवंटित संस्था में कार्यभार ग्रहण नहीं कर सका, तो जिला विद्यालय निरीक्षक ऐसे अभ्यर्थी के समायोजन के लिए बोर्ड को अधिसूचित किसी अन्य रिक्ति के विरुद्ध, बोर्ड को संस्तुति करेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक की संस्तुति प्राप्त होने पर बोर्ड अधिसूचित रिक्ति के विरुद्ध ऐसे अभ्यर्थी को, कोई दूसरी संस्था आवंटित करेगा।	(5) जहाँ बोर्ड द्वारा चयनित अभ्यर्थी रिक्ति की अनुपलब्धता या किसी अन्य कारण से आवंटित संस्था में कार्यभार ग्रहण न कर सका हो तो निरीक्षक ऐसे अभ्यर्थी के समायोजन के लिए जिला में उसी वर्ष की प्रकाशित रिक्ति के सापेक्ष अधिसूचित किसी अन्य रिक्ति के सापेक्ष निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को संस्तुति करेगा। निरीक्षक की संस्तुति प्राप्त होने पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा जिला में उपलब्ध अन्य रिक्त पदों के सापेक्ष ऐसे अभ्यर्थी को, दूसरी संस्था आवंटित करेगा। यदि जिला में सम्बन्धित श्रेणी/विषय में रिक्ति न हो तो निदेशक, माध्यमिक शिक्षा द्वारा संयुक्त शिक्षा निदेशक से प्राप्त उसी वर्ष की प्रकाशित रिक्ति के सापेक्ष अधिसूचित रिक्ति के सापेक्ष समायोजन की कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से,

दीपक कुमार,

अपर मुख्य सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 940/XV-5-2023-1600(279)-2021, dated April 13, 2023 :

No. 940/XV-5-2023-1600(279)-2021

Dated Lucknow, April 13, 2023

IN exercise of the powers conferred by section 35 of the Uttar Pradesh Secondary Education Services Selection Board Act, 1982 (U.P. Act no. 5 of 1982) *read* with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 (U.P. Act no. 1 of 1904), the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Secondary Education Services Selection Board Rules, 1998.

THE UTTAR PRADESH SECONDARY EDUCATION SERVICES SELECTION BOARD (SIXTH AMENDMENT) RULES, 2022

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Secondary Education Services Selection Board (Sixth Amendment) Rules, 2022;

(2) They shall come into force with effect from the date of their publication in the *Gazette*.

Amendment of rule 13

2. In the Uttar Pradesh Secondary Education Services Selection Board Rules, 1998, *for* existing rule 13 set-out in Column-1 below, the rule as set out in Column-2 shall be *substituted*, namely:-

COLUMN-1 *Existing rule*	COLUMN-2 *Rule as hereby substituted*
13. **Intimation of names of selected candidates**–(1) The Inspector shall, within ten days of the receipt of the panel and the allocation of institution under rule 12,-	13. **Intimation of names of selected candidates**–(1) The Inspector shall, within ten days of the receipt of the panel and the allocation of institution under rule 12,-
(i) Notify it on the notice board of his office;	(i) Notify it on the notice board of his office;
(ii) Intimate the name of selected candidate to the management of the institution, which has notified the vacancy, with the direction that, on authorization under resolution of the management, an order of appointment, in the proforma given in Appendix 'E' be issued to the candidate by registered post within fifteen days of the receipt of the intimation requiring him to join duty within fifteen days of the receipt of the order or within such extended time, as may be allowed to him by the management, and also intimating him that on his failure to join within the specified time, his appointment will be liable to be cancelled;	(ii) Intimate the name of selected candidate to the management of the institution, which has notified the vacancy, with the direction that, on authorization under resolution of the management, an order of appointment, in the proforma given in Appendix 'E' be issued to the candidate by registered post within fifteen days of the receipt of the intimation requiring him to join duty within fifteen days of the receipt of the order or within such extended time, as may be allowed to him by the management, and also intimating him that on his failure to join within the specified time, his appointment will be liable to be cancelled;
(iii) Send an intimation to the candidate, referred to in clause (ii), with the direction to report to the Manager within fifteen days of the receipt of the order of appointment by him from the manager or within such extended time as may be allowed to him, by the management.	(iii) Send an intimation to the candidate, referred to in clause (ii), with the direction to report to the Manager within fifteen days of the receipt of the order of appointment by him from the manager or within such extended time as may be allowed to him, by the management.

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

COLUMN-1	COLUMN-II
Existing rule	*Rule as hereby substituted*
(2) The management shall comply with the directions given under sub-rule (1) and report compliance thereof to the Board through the Inspector.	(2) The management shall comply with the directions given under sub-rule (1) and report compliance thereof to the Board/Director of Secondary Education through the Inspector.
(3) Where the candidate, referred to in sub-rule (1), fails to join the post within the time allowed in the letter of appointment or within such extended time as the management may allow in this behalf or where such candidate is otherwise not available for appointment the Inspector may, on the request of the Management, intimate fresh name or names standing next in order of merit on the panel, under intimation to the Joint Director and the Board, and the provisions of sub-rules (1) and (2) shall *mutandis* apply.	(3) Where the candidate, referred to in sub-rule (1), fails to join the post within the time allowed in the letter of appointment or within such extended time as the management may allow in this behalf or where such candidate is otherwise not available for appointment. The Inspector, on the request of the Management, shall request the Director of Secondary Education to provide the - name of such new candidates. The Director of Secondary Education will send the names of the remaining panels (not more than 25 per cent) provided by the Board to the Inspector in order of merit and the Inspector shall issue the panel according to the instructions given by the Director of Secondary Education and under sub-rule (1).
(4) The Joint Director shall monitor and ensure that the candidates selected by the Board join the institution in the specified time and for this purpose, he may issue such directions to the Inspector as he thinks proper.	(4) The Joint Director of Education shall monitor and ensure that the candidates selected by the Board join the institution in the specified time and for this purpose, he may issue such directions to the Inspector as he thinks proper.
(5) Where a candidate selected by the Board could not join in an allotted institution due to non-availability of vacancy or for any other reason, the District Inspector of School shall recommend to the Board for adjustment of such candidate against any other vacancy notified to the Board in any institution. On receipt of the recommendation of the District School Inspector the Board shall allocate such candidate to another institution in a vacancy notified to the Board.	(5) Where a candidate selected by the Board could not join in an allotted institution due to non-availability of vacancy or for any other reason, than the Inspector shall recommend to the Director of Secondary Education against any other vacancy notified against published vacancy of same year in the district for adjustment of such candidate. On receipt of the recommendation of the Inspector the Director of Scondary Education shall allot another institution to such a candidate against other vacant

COLUMN-1 *Existing rule*	COLUMN-II *Rule as hereby substituted*
	posts available in the district. If there is no vacancy in the concerned category/subject in the District, adjustment action will be taken by the Director of Secondary Education against the vacancy notified against published vacancy of same year received from the Joint Director of Education.

By order,
DEEPAK KUMAR,
Apar Mukhya Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 418 राजपत्र–2023–(1360)–599 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 1 सा0 शिक्षा–2023–(1361)–100 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

418 RPH 2023 (Maddyamik Siksha Niyamawali-5) data 4e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

म-संख्या–49 (क–3)

रजिस्ट्रेशन नं०–एस०एस०पी०/एल०–
डब्लू०/एन०पी०/91/2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, सोमवार, 20 मार्च, 2023

फाल्गुन 29, 1944 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

राज्य सम्पत्ति विभाग

राज्य सम्पत्ति अनुभाग–1

संख्या ई0 917/बत्तीस-1–2023-02-2021

लखनऊ, 20 मार्च, 2023

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0–8

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश राज्य सम्पत्ति विभाग स्वागती संवर्ग सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सम्पत्ति विभाग स्वागती संवर्ग सेवा नियमावली, 2023

भाग–एक

सामान्य

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश राज्य सम्पत्ति विभाग स्वागती संवर्ग सेवा नियमावली, 2023 कही जायेगी। — संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2–उत्तर प्रदेश राज्य सम्पत्ति विभाग स्वागती संवर्ग सेवा में समूह 'ग' के पद समाविष्ट हैं। — सेवा की प्रास्थिति

3–जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में:– — परिभाषाएं

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 से है;

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

(ख) ''नियुक्ति प्राधिकारी'' का तात्पर्य राज्य सम्पत्ति अधिकारी, उत्तर प्रदेश से है;

(ग) ''भारत का नागरिक'' का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति से है, जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय;

(घ) ''आयोग'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है;

(ङ) ''संविधान'' का तात्पर्य 'भारत का संविधान' से है;

(च) ''सरकार'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है;

(छ) ''राज्यपाल'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है;

(ज) ''सेवा का सदस्य'' का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति से है;

(झ) ''नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों'' का तात्पर्य समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम की अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है;

(ञ) ''सेवा'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य सम्पत्ति विभाग स्वागती संवर्ग सेवा से है;

(ट) ''मौलिक नियुक्ति'' का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है जो तदर्थ नियुक्ति न हो, नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हों, तो सरकार द्वारा जारी कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो;

(ठ) ''भर्ती का वर्ष'' का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग–दो

संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4–(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी, जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायं, सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी परिशिष्ट में दी गई हैः–

परन्तु यह किः–

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकती हैं; जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न हो; या

(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकती हैं, जितना वह उचित समझें।

भाग–तीन

भर्ती

भर्ती का स्रोत

5–सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगीः–

(एक) **स्वागती**

आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(दो) **वरिष्ठ स्वागती**

मौलिक रूप से नियुक्त स्वागतियों, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, में से चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

(तीन) **मुख्य स्वागती**

मौलिक रूप से नियुक्त वरिष्ठ स्वागतियों, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को उस पद पर पाँच वर्ष की सेवा अथवा स्वागती और वरिष्ठ स्वागती के रूप में कुल बारह वर्ष की सेवा पूर्ण कर लिये हों, में से चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

6–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम और उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से दिव्यांग, स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 तथा उत्तर प्रदेश लोक सेवा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 2020 एवं भर्ती के समय प्रवृत्त शासनादेशों के अनुसार होगा। आरक्षण

भाग—चार

अर्हताएं

7–सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थीः– राष्ट्रीयता

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो; या

(ग) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, यूगाण्डा और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवर्जन किया हो :

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी के लिए ऐसा व्यक्ति होना आवश्यक है, जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किया गया होः

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस महानिदेशक या अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना शाखा, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले :

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारतीय नागरिकता अर्जित कर ले।

टिप्पणी :– ऐसे अभ्यर्थी, जिसके मामले में पात्रता प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, को किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर औपबन्धिक रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

8–सेवा में स्वागती के पदों पर सीधी भर्ती हेतु किसी अभ्यर्थी के लिए निम्नलिखित अर्हताएं धारित करना आवश्यक है; शैक्षणिक अर्हता

(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि;

(दो) हिन्दी और अंग्रेजी में पढ़ने, लिखने तथा वार्तालाप करने की पूर्ण योग्यता और इसके लिए उससे इण्टरमीडिएट परीक्षा में हिन्दी और अंग्रेजी विषय के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने की अपेक्षा की जायेगी।

9–ऐसे अभ्यर्थी, जिसनेः– अधिमानी अर्हता

(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

आयु

10—सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष की, जिसमें सीधी भर्ती के लिए रिक्तियाँ विज्ञापित की जायं, की पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो :

परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों, जो सरकार द्वारा समय—समय पर अधिसूचित की जायं, के अभ्यर्थियों की दशा में ऊपरी आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र

11—सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का ऐसा चरित्र होना आवश्यक है कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी :— संघ सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण या किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति

12—सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र नहीं होगी जिसके एक से अधिक पति जीवित हों।

शारीरिक स्वस्थता

13—किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो, जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किए जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी, कि वह वित्तीय हस्त पुस्तिका, खण्ड—दो भाग—तीन के अध्याय—तीन में अन्तर्विष्ट फण्डामेण्टल रूल—10 के अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार चिकित्सीय स्वस्थता प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करे :

परन्तु यह कि पदोन्नति द्वारा भर्ती किए गए किसी अभ्यर्थी से चिकित्सीय स्वस्थता प्रमाण—पत्र की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

भाग—पाँच

भर्ती की प्रक्रिया

रिक्तियों की अवधारणा

14—नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती वर्ष के प्रक्रम के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या के साथ नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या को भी अवधारित करेगा और उसे आयोग को सूचित करेगा।

स्वागती के पदों हेतु आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15—सेवा में स्वागती के पद पर सीधी भर्ती, समय—समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश समूह ''ग'' के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015 के अनुसार की जायेगी।

वरिष्ठ स्वागती और मुख्य स्वागती के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

16—पदोन्नति द्वारा भर्ती, समय—समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों के लिए) नियमावली, 1992 के उपबन्धों के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से समय—समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड नियमावली, 1994 में दिए गए मानदण्डों के आधार पर की जायेगी।

टिप्पणी :— चयन समिति में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व देने हेतु अधिकारियों का नामनिर्देशन समय—समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की धारा 7 के अधीन कृत आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

(2) नियुक्ति प्राधिकारी, समय–समय पर यथा संशोधित, उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति/पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार अभ्यर्थियों की पात्रता सूची तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझे जाएं, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उपनियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता क्रम में जैसा उस संवर्ग में हो, जिससे उनकी पदोन्नति की जानी हो, एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

भाग–छः

नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

17–(1) नियम 16 के उपनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम, उसी क्रम में लेकर, जिसमें वे यथास्थिति, नियम 15 या 16 के अधीन तैयार की गयी सूची में आए हों, नियुक्ति करेगा।

परिवीक्षा

18–(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति को समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक परिवीक्षा नियमावली, 2013 के अनुसार परिवीक्षा पर रखा जाएगा।

(2) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है, तो उसे उसके मौलिक पद, यदि कोई हो, पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

(3) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उपनियम (2) के अधीन प्रत्यावर्तित किया गया हो या जिसकी सेवाएं समाप्त कर दी गयी हों, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी हैसियत से की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण

19–(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि अथवा बढ़ाई गई परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि–

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायी किए जाने के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

(2) जहाँ, उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 1991 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक न हो, वहाँ उस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुए आदेश कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

ज्येष्ठता

20–सेवा में किसी श्रेणी के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार अवधारित की जायेगी।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

भाग—सात

वेतन इत्यादि

वेतनमान

21—(1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान, ऐसा होगा जैसा कि सरकार द्वारा समय—समय पर अवधारित किया जाय;

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय के वेतनमान नीचे दिए गए हैं :—

क्रमांक	पद का नाम	वेतनमान
1	2	3
1	स्वागती	वेतन मैट्रिक्स रू0 25,500—81,100 लेवल—4
2	वरिष्ठ स्वागती	वेतन मैट्रिक्स रू0 29,200—92,300 लेवल—5
3	मुख्य स्वागती	वेतन मैट्रिक्स रू0 35,400—1,12,400 लेवल—6

परिवीक्षा अवधि में वेतन

22—(1) फण्डामैण्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, को समय—मान में प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायेगी जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, और द्वितीय वेतनवृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :

परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय, तो इस प्रकार बढ़ाई गई अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जायेगी, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(2) ऐसा व्यक्ति, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, का परिवीक्षा अवधि में वेतन, सुसंगत फण्डामेण्टल रूल्स द्वारा विनियमित किया जायेगा :

परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाय तो इस प्रकार बढ़ाई गई अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जायेगी, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(3) ऐसा व्यक्ति, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, का परिवीक्षा अवधि में वेतन, राज्य के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतः लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

भाग—आठ

अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन

23—सेवा के किसी पद पर लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्हीं सिफारिशों पर, चाहे लिखित हों या मौखिक हों, पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपने अभ्यर्थन के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

अन्य मामलों का विनियमन

24—ऐसे मामलों के सम्बन्ध में, जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों से आच्छादित न हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति, राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सामान्यतया सरकारी सेवकों पर लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे।

सेवा की शर्तो में शिथिलता

25—जहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाए कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में असम्यक् कठिनाई होती है, वहाँ उस मामले में लागू नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

26–इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव, ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो। व्यावृत्ति

परिषिष्ट

[नियम 4 (2) देखें]

क्रमांक	पद का नाम	पदों की संख्या		योग
		स्थायी	अस्थायी	
1	2	3	4	5
1	स्वागती	10	04	14
2	वरिष्ठ स्वागती	09	..	09
3	मुख्य स्वागती	06	..	06
	योग	**25**	**04**	**29**

आज्ञा से,
एस0 पी0 गोयल,
अपर मुख्य सचिव।

———

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. E-917/XXXII-1-2023-2-2021, dated March 20, 2023 :

No. E-917/XXXII-1-2023-2-2021

Dated Lucknow, March 20, 2023

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and the conditions of service of persons appointed to the Uttar Pradesh Estate Department Swagati Cadre Service.

THE UTTAR PRADESH ESTATE DEPARTMENT SWAGATI CADRE SERVICE RULES, 2023

PART-I

GENERAL

1. (1) These rules may be called The Uttar Pradesh Estate Department Swagati Cadre Service Rules, 2023. Short title and Commencement

(2) They shall come into force at once.

2. The Uttar Pradesh Estate Department Swagati Cadre Service is a service comprising of Group 'C' posts. Status of the Service

3. In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context :- Definitions

(a) "Act" means the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other Backward Classes) Act, 1994;

(b) ''Appointing Authority'' means the Rajya Sampatti Adhikari, Uttar Pradesh;

(c) "Citizen of India" means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part-II of the Constitution;

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

(d) "Commission" means the Uttar Pradesh Subordinate Services Selection Commission;

(e) "Constitution" means the Constitution of India;

(f) "Government" means the State Government of Uttar Pradesh;

(g) "Governor" means the Governor of Uttar Pradesh;

(h) ''Member of the Service'' means a person substantively appointed under these rules or the rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the Service;

(i) "Other Backward Classes of Citizens" means the backward classes of citizens specified in Schedule I of the Act, as amended from time to time;

(j) "Service" means the Uttar Pradesh Estate Department Swagati Cadre Service;

(k) "Substantive Appointment" means an appointment, not being an *ad hoc* appointment, on a post in the cadre of the Service, made after selection in accordance with the rules and, if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instructions issued by the Government;

(l) "Year of Recruitment" means a period of twelve months commencing on the first day of July of a Calendar Year.

PART –II

CADRE

Cadre of service

4. (1) The strength of the service and of each category of posts therein shall be such, as may be determined by the Government from time to time.

(2) The strength of the service and of each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub-rule(1), be as given in the Appendix :-

Provided that:-

(i) The appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to compensation; or

(ii) the Governor may create such additional permanent or temporary posts as he/she may consider proper.

PART-III

RECRUITMENT

Source of Recruitment

5. Recruitment to the various categories of posts in service shall be made from the following sources:-

(I) Swagati

by direct recruitment through the Commission.

(II) Varishtha Swagati

by promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Swagati who have completed seven years service, as such, on the first day of the year of recruitment.

(III) Mukhya Swagati

by promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Varishtha Swagati who have completed five years service on that post or a total length of service twelve years in respect of Swagati and Varishtha Swagati as such, on the first day of the year of recruitment.

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

6. Reservation for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories shall be in accordance with the Act, and the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Physically Handicapped, Dependents of Freedom Fighters and Ex-Servicemen) Act, 1993 and the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Economically Weaker Section) Act, 2020 as amended from time to time, and the orders of the Government in force at the time of the recruitment. Reservation

PART-IV

QUALIFICATIONS

7. A candidate for direct recruitment to a post in the service must be: Nationality

(a) a citizen of India; or

(b) a Tibetan refugee who came over to India before the 1st January, 1962 with the intention of permanently settling in India; or

(c) a person of Indian origin who has migrated from Pakistan, Burma, Sri Lanka or any of the East African countries of Kenya, Uganda and the United Republic of Tanzania (formerly Tanganyika and Zanzibar) with the intention of permanently settling in India:

Provided that a candidate belonging to category (b) or (c) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the State Government:

Provided further that a candidate belonging to category (b) will also be required to obtain a certificate of eligibility granted by the Director General or the Additional Director General of Police, heading the Intelligence Branch of Uttar Pradesh:

Provided also that if a candidate belongs to category (c) above, no certificate of eligibility will be issued for period of more than one year and the retention of such a candidate in service beyond a period of one year, shall be subject to his acquiring Indian citizenship.

NOTE :– A candidate, in whose case a certificate of eligibility is necessary but the same has neither been issued nor refused, may be admitted to an examination or interview and he may also be provisionally appointed subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour.

8. A candidate for direct recruitment to the posts of Swagati in the service must possess the following qualifications:- Academic Qualification

(i) A bachelor's degree from a university established by law in India;

(ii) To have full ability to read, write and communicate in Hindi and English and for this he should have passed the Intermediate Examination with Hindi and English subjects.

9. A candidate who has:- Preferential Qualification

(i) Served in the Territorial Army for a minimum period of two years , or

(ii) Obtained a "B" certificate of National Cadet Corps.

10. A candidate for direct recruitment must have attained the age of 21 years and must not have attained the age of more than 40 years on the first day of July of the calendar year in which vacancies for direct recruitment are advertised: Age

Provided that the upper age limit in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and such other categories as may be notified by the Government from time to time shall be greater by such number of years as may be specified.

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

Character

11. The character of a candidate for direct recruitment to a post in the Service must be such as to render him suitable in all respects for employment in Government Service. The appointing authority shall satisfy itself on this point.

NOTE- Persons dismissed by the Union Government or a State Government or by a Local Authority or a Corporation or Body owned or controlled by the Union Government or a State Government shall be ineligible for appointment to any post in the Service. Persons convicted of an offence involving moral turpitude shall also be ineligible.

Marital Status

12. A male candidate who has more than one wife living or a female candidate who has more than one husband living shall not be eligible for appointment to a post in the service.

Physical fitness

13. No candidate shall be appointed to a post in the service unless he is in good mental and bodily health and free from any physical defect likely to interfere with the efficient performance of his duties. Before a candidate is finally approved for appointment, he shall be required to produce a Medical Certificate of fitness in accordance with the rules framed under Fundamental Rule-10, contained in chapter III of the Financial Hand-Book, Volume-II, Part-III :

Provided that a medical certificate of fitness shall not be required from a candidate recruited by promotion.

PART-V

PROCEDURE FOR RECRUITMENT

Determination of vacancies

14. The appointing authority shall determine and intimate to the Commission the number of vacancies to be filled during the course of the year of recruitment as also the number of vacancies to be reserved for candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories under rule 6.

Procedure for Direct recruitment through the commission for the posts of Swagati

15. Direct Recruitment to the Swagati in the Service shall be made in accordance with the provisions of the Uttar Pradesh Direct Recruitment to Group "C" Posts (Mode and Procedure)Rules, 2015 as amended from time to time.

Procedure for recruitment by promotion for the posts of Varishtha Swagati and Mukhya Swagati

16. Recruitment by promotion shall be made on the basis of criterion laid down in the Uttar Pradesh Government Servants Criterion for Recruitment by Promotion Rules, 1994, as amended from time to time, through the Selection Committee constituted in accordance with the provisions of the Uttar Pradesh Constitution of Departmental Promotion Committee for Posts outside the purview of the Service Commission Rules, 1992, as amended from time to time.

NOTE :– Nomination of officers for giving representation to the Scheduled Castes/ Scheduled Tribes and Other Backward Classes of Citizens in the Selection Committee shall be made in accordance with the order made under section 7 of the Uttar Pradesh Public Service (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994 as amended from time to time.

(2) The appointing authority shall prepare eligibility list of the candidates in accordance with the Uttar Pradesh Promotion by Selection (on posts outside the purview of the Public Service Commission) Eligibility List Rules, 1986 as amended from time to time, and place the same before the Selection Committee along with their character rolls and such other records, pertaining to them, as may be considered proper.

(3) The Selection Committee shall consider the cases of candidates on the basis of records, referred to in sub rule (2), and, if it considers necessary, it may interview the candidate also.

(4) The Selection Committee shall prepare a list of selected candidates in order of seniority as it stood in the cadre from which they are to be promoted and forward the same to the appointing authority.

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

PART-VI

APPOINTMENT, PROBATION, CONFIRMATION AND SENIORITY

Appointment

17. (1) Subject to the provisions of sub-rule (2) of rule 16 the appointing authority shall make appointment, by taking the names of the candidates in the order in which they stand in the lists prepared under rules 15 or 16, as the case may be.

Probation

18. (1) A person on substantive appointment to a post in the service shall be placed on probation in accordance with the Uttar Pradesh Government Servants Probation Rules, 2013, as amended from time to time.

(2) If it appears to the appointing authority at any time during or at the end of the period of probation or extended period of probation, that a probationer has not made sufficient use of his opportunities or has otherwise failed to give satisfaction, he may be reverted to his substantive post, if any, and if he does not hold a lien on any post, his services may be dispensed with.

(3) A probationer who is reverted or whose services are dispensed with under sub-rule (2) shall not be entitled to any compensation.

(4) The appointing authority may allow continuous service, rendered in an officiating or temporary capacity in a post included in the cadre or any other equivalent or higher post, to be taken into account for the purpose of computing the period of probation.

Confirmation

19. (1)Subject to the provisions of sub-rule (2), a probationer shall be confirmed in his appointment at the end of the period of probation or the extended period of probation if-

(a) his work and conduct is reported to be satisfactory,

(b) his integrity is certified, and

(c) the appointing authority is satisfied that he is otherwise fit for confirmation.

(2) Where, in accordance with the provisions of the Uttar Pradesh State Government Servants Confirmation Rules, 1991, confirmation is not necessary, the order under sub-rule (3) of rule 5 of those rules, declaring that the person concerned has successfully completed the probation, shall be deemed to be the order of confirmation.

Seniority

20. The seniority of persons substantively appointed in any category of posts in the service shall be determined in accordance with the Uttar Pradesh Government Servants Seniority Rules, 1991, as amended from time to time.

PART-VII

PAY *Etc.*

Scales of pay

21. (1) The scales of pay admissible to persons appointed to the various categories of posts in the service shall be such, as may be determined by the Government from time to time.

(2) The scales of pay at the time of the commencement of these rules are as given below:

Sl. No.	Name of Post	Scale of Pay
1	2	3
1	Swagati	Pay Matrix Rs. 25,500-81,100 Level-4
2	Varishtha Swagati	Pay Matrix Rs. 29,200-92,300 Level-5
3	Mukhya Swagati	Pay Matrix Rs. 35,400-1,12,400 Level-6

Pay during probation

22. (1) Notwithstanding any provision in the fundamental rules to the contrary, a person on probation, if he is not already in permanent Government Service, shall be allowed his first increment in the time scale when he has completed one year of satisfactory service, and second increment after two years service when he has completed the probationary period and is also confirmed :

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

Provided that, if the period of probation is extended on account of failure to give satisfaction, such extension shall not count for increment unless the appointing authority directs otherwise.

(2) The pay during probation of a person who was already holding a post under the Government, shall be regulated by the relevant fundamental rules :

Provided that, if the period of probation is extended on account of failure to give satisfaction, such extension shall not count for increment unless the appointing authority directs otherwise.

(3) The pay during probation of a person already in permanent Government Service shall be regulated by the relevant rules, applicable generally to Government Servants serving in connection with the affairs of the State.

PART-VIII

OTHER PROVISIONS

Canvassing

23. No recommendations, either written or oral, other than those required under the rules applicable to the post of service will be taken into consideration. Any attempt on the part of a candidate to enlist support directly or indirectly for his candidature will disqualify him for appointment.

Regulations of other matters

24. In regard to the matters not specifically covered by these rules or special orders, persons appointed to the service shall be governed by the rules, regulations and orders applicable generally to Government servants serving in connection with the affairs of the state.

Relaxation from the conditions of Service

25. Where the State Government is satisfied that the operation of any rule regulating the conditions of service of persons appointed to the service causes undue hardship in any particular case, it may, notwithstanding anything contained in the rules applicable to the case, by order, dispense with or relax the requirements of that rule to such extent and subject to such conditions as it may consider necessary for dealing with the case in a just and equitable manner.

Saving

26. Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders of the Government issued from time to time in this regard.

APPENDIX

[*See* rules 4(2)]

Sl. No.	Name of post	Number of posts		Total
		Permanent	Temporary	
1	2	3	4	5
1	Swagati	10	04	14
2	Varishtha Swagati	09	--	09
3	Mukhya Swagati	06	--	06
	Total	25	04	29

By order,

S. P. GOYAL,

Apar Mukhya Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 1276 राजपत्र–2023–(2135)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 4 सा0 राज्य सम्पत्ति–2023–(2136)–500 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

1276 RPH 2023 (Rajya Sampatti Anu-1) data 4e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम-संख्या—199 (क)

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस०एस०पी०/एल०—
डब्लू०/एन०पी०—91/2014—16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 1 दिसम्बर, 2023

अग्रहायण 10, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

राजस्व अनुभाग—9

संख्या 1959/एक-9—2023-1(एस0)-2017

लखनऊ, 1 दिसम्बर, 2023

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0—45

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली, 2003 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं :—

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1—(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 5 का संशोधन

2—उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली, 2003 में नियम 5 में, नीचे स्तम्भ—1 में दिये गये विद्यमान उपनियम (दो) के स्थान पर स्तम्भ—2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :—

स्तम्भ—1	स्तम्भ—2
विद्यमान उपनियम	**एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम**
(दो) (क) इकतालीस प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त राजस्व निरीक्षकों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।	(क) पचास प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त राजस्व निरीक्षकों में से, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(ख) नौ प्रतिशत, मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे राजस्व निरीक्षकों में से, जिनके मूल मौलिक पद रजिस्ट्रार कानूनगो/सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो/भू–लेख लिपिक थे और जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को रजिस्ट्रार कानूनगो/सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो/भू–लेख लिपिक के रूप में दो वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा : परन्तु यह कि उपर्युक्त उपखण्ड (क) और (ख) में निर्दिष्ट उपबंध ऐसे समय तक जारी रहेंगे जब तक कि रजिस्ट्रार कानूनगो/सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो/भू–लेख लिपिकों की उपलब्धता पूर्णतः समाप्त न रह जाय और तत्पश्चात् नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति हेतु पचास प्रतिशत कोटा को मौलिक रूप से नियुक्त राजस्व निरीक्षकों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरा जायेगा।	

आज्ञा से,
सुधीर गर्ग,
अपर मुख्य सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1959/One-9–2023-1(S)-2017, dated December 1, 2023 :

No. 1959/One-9–2023-1(S)-2017

Dated Lucknow, December 1, 2023

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Subordinate Revenue Executive (Niab-Tehsildars) Service Rules, 2023.

THE UTTAR PRADESH SUBORDINATE REVENUE EXECUTIVE (NIAB-TEHSILDARS) SERVICE (THIRD AMENDMENT) RULES, 2023

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called The Uttar Pradesh Subordinate Revenue Executive (Niab-Tehsildars) Service (Third Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall come into force at once.

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

2. In The Uttar Pradesh Subordinate Revenue Executive (Niab-Tehsildars) Service Rules, 2003, in rule 5, *for* existing sub-rule (ii) set out in Coloumn-1 below, the sub-rule as set out in Coloumn-2 shall be *substituted*, namely :– Amendment of rule 5

COLOUMN-1	COLOUMN-2
Existing sub-rule	*Sub-rule as hereby substituted*
(ii) (a) forty one per cent by promotion through the commission from amongst substantively appointed Rajaswa Nirikshaks who have completed two years service as such on the first day of the year of the recruitment. (b) Nine per cent by promotion through the commission from amongest such substantively appointed Rajaswa Nirikshaks whose original substantive posts were Registrar Kanungo/Assistant Registrar Kanungo/Land record clerk and who have completed two years service as Registrar Kanungo/Assistent Rregistrar Kanungo/Land record clerk/ Rajaswa Nirikshaks on the first day of the year of recruitment : Provided that the provisions referred to in sub-clause (a) and (b) above shall continue till such time the availability of Registrar Kanungo/assistant Registrar Kanungo/Land record clerk is fully exhausted and, thereafter, the fifty percent quota for promotion to the post of Naib-Tehsildar shall be filled by promotion through the Commission from amongst substantively appointed Rajaswa Nirikshaks who have completed two year service as such on the first day of the year of recruitment.	(ii) fifty percent by promotion through the Commission from amongst substantively appointed Rajaswa Nirikshaks who have completed two years service as such on the first day of the year of the recruitment.

By order,
SUDHIR GARG,
Apar Mukhya Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 796 राजपत्र–2023–(2274)–599 प्रतियाँ (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 4 सा0 राजस्व–2023–(2275)–600 प्रतियाँ (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम-संख्या–118 (ग)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस0एस0पी0/एल0-
डब्लू/एन0पी0–91/2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, सोमवार, 10 जुलाई, 2023

आषाढ़ 19, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

परिवहन अनुभाग–3

―――――

संख्या 90/2023/1924/तीस-3–2023

लखनऊ, 10 जुलाई, 2023

―――――

<u>अधिसूचना</u>

प्रकीर्ण

सा0प0नि0–29

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश परिवहन कराधान (अधीनस्थ) सेवा नियमावली, 1980 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती है:–

उत्तर प्रदेश परिवहन कराधान (अधीनस्थ) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1-(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश परिवहन कराधान (अधीनस्थ) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 5 का संशोधन

2- उत्तर प्रदेश परिवहन कराधान (अधीनस्थ) सेवा नियमावली, 1980 में नीचे स्तंभ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-5 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात:-

<u>स्तम्भ–1</u>	<u>स्तम्भ–1</u>
विद्यमान नियम	**एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
5–(1) सेवा में पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:-	5–(1) सेवा में पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:-
(एक) पचास प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	(एक) पचास प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

स्तम्भ–1 **विद्यमान नियम**	स्तम्भ–1 **एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
(दो) निम्नवत मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों में से आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा,–	(दो) निम्नवत मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों में से आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा,–
(क) मुख्यालय से 20 प्रतिशत (20%)	(क) मुख्यालय से 20 प्रतिशत (20%)
(क) उन्नीस प्रतिशत, मुख्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो:	(क) सोलह दशमलव छः सात (16.67%) प्रतिशत, मुख्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो:
परन्तु यदि भर्ती के किसी वर्ष में, पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशासनिक अधिकारी उपलब्ध न हों तो मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे प्रधान सहायकों, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, को सम्मिलित करने के लिए पात्रता के क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।	परन्तु यह कि भर्ती के किसी वर्ष में, पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशासनिक अधिकारी उपलब्ध न हों तो मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे प्रधान सहायकों, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, को सम्मिलित करने के लिए पात्रता के क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।
(ख) एक प्रतिशत मुख्यालय पर तैनात मौलिक रूप से नियुक्त वैयक्तिक सहायक श्रेणी-एक में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।	(ख) तीन दशमलव तीन तीन (3.33%) प्रतिशत मुख्यालय पर तैनात मौलिक रूप से नियुक्त वैयक्तिक सहायक श्रेणी-एक में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो:
	परन्तु यह कि भर्ती के किसी वर्ष में, पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में वैयक्तिक सहायक श्रेणी-एक उपलब्ध न हों तो मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे वैयक्तिक सहायक श्रेणी-2, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, को सम्मिलित करने के लिए पात्रता के क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।
(ख) आंचलिक/क्षेत्रीय /उप क्षेत्रीय कार्यालयों से (30%) ।	(ख) आंचलिक / क्षेत्रीय / उप क्षेत्रीय कार्यालयों से (30%) ।
(क) अट्ठाइस प्रतिशत, आंचलिक। कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो:	(क) पच्चीस प्रतिशत (25%), आंचलिक कार्यालयों के प्रशासनिक अधिकारियों में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो:
परन्तु यदि भर्ती के किसी वर्ष में, प्रशासनिक अधिकारी पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हो तो मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे प्रधान सहायकों को, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, सम्मिलित करने के लिए पात्रता क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।	परन्तु यह कि भर्ती के किसी वर्ष में, प्रशासनिक अधिकारी पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों तो मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे प्रधान सहायकों को, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, सम्मिलित करने के लिए पात्रता क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–1 एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ख) दो प्रतिशत, मौलिक रूप से नियुक्त वैयक्तिक सहायक श्रेणी-एक में से जिन्होंने भर्ती के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।	(ख) पांच प्रतिशत (05%), मौलिक रूप से नियुक्त वैयक्तिक सहायक श्रेणी- एक में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो: परन्तु यह कि भर्ती के किसी वर्ष में, पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में वैयक्तिक सहायक श्रेणी-एक उपलब्ध न हों तो मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे वैयक्तिक सहायक श्रेणी-2, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, को सम्मिलित करने के लिए पात्रता के क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।
(2) यदि प्रशासनिक अधिकारियों या प्रधान सहायकों में से कोई कनिष्ठ व्यक्ति पात्रता क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है तो उसका ज्येष्ठ व्यक्ति भी इस बात के होते हुये भी सम्मिलित किया जायेगा कि उसने स्वयं अपेक्षित अवधि की सेवा नहीं की है।	(2) यदि प्रशासनिक अधिकारियों या प्रधान सहायकों और वैयक्तिक सहायक श्रेणी-एक या वैयक्तिक सहायक श्रेणी-दो में से कोई कनिष्ठ व्यक्ति पात्रता क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है तो उससे ज्येष्ठ व्यक्ति भी इस बात के होते हुये भी सम्मिलित किया जायेगा कि उसने स्वयं अपेक्षित अवधि की सेवा नहीं की है।

आज्ञा से,
एल० वेंकटेश्वर लू,
प्रमुख सचिव।

———

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the notification no. 90/2023/1924/XXX-3–2023, dated July 10, 2023 :

No. 90/2023/1924/XXX-3–2023

Dated Lucknow, July 10, 2023

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Transport Taxation (Subordinate) Service Rules, 1980.

THE UTTAR PRADESH TRANSPORT TAXATION (SUBORDINATE) SERVICE (SECOND AMENDMENT) RULES, 2023

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Transport Taxation (Subordinate) Service (Second Amendment) Rules, 2023

(2) They shall come into force at once.

Amendment of rule 5

2. In the Uttar Pradesh Transport Taxation (Sabordinate) Service Rules, 1980 *for* existing rule 5 set out in Column-1 below, the rule as set out in Column-2 shall be

substituted, namely:-

COLUMN 1 *Existing rule*	COLUMN 2 *Rule as hereby substituted*
5. (1) Recruitment to the posts in the service shall be made from the following sources:–	5. (1) Recruitment to the posts in the service shall be made from the following sources:–
(i) Fifty percent by direct recruitment through the Commission.	(i) Fifty percent by direct recruitment through the Commission.
(ii) By promotion through the Commission from amongst substantively appointed persons as below,–	(ii) By promotion through the Commission from amongst substantively appointed persons as below,–
(A) Twenty percent from Head Quarter (20%)	(A) Twenty percent from Head Quarter (20%)
(a) Nineteen percent from amongst Administrative Officers of Head Quarter who have completed two years of service as such on the first day of the year of recruitment:	(a) Sixteen point Six Seven (16.67) percent from amongst Administrative Officers of Head Quarter who have completed two years of service as such on the first day of the year of recruitment:
Provided that if in any year of recruitment, sufficient number of Administrative Officer are not available for promotion the field of eligibility may be extended to include such substantively appointed Head Assistants who have completed seven years service on the first day of year of recruitment.	Provided that if in any year of recruitment, sufficient number of Administrative Officer are not available for promotion the field of eligibility may be extended to include such substantively appointed Head Assistants who have completed seven years service on the first day of year of recruitment.
(b) One percent from amongst substantively appointed Personal Assistant Grade-1 posted at Head Quarter who have completed two years of service as such on first day of the year of recruitment.	(b) Three point three three (03.33) percent from amongst substantively appointed Personal Assistant Grade-1 posted at Head Quarter who have completed two years of service as such on first day of the year of recruitment:
	Provided that if in any year of recruitment, sufficient number of Personal Assistant Grade-1 are not available for promotion the field of eligibility may be extended to include such substantively appointed Personal Assistant Grade-2 who have completed seven years service on the first day of year of recruitment.
(B) From Zonal/Regional/Sub-Regional Offices (30%)	(B) From Zonal/Regional/Sub-Regional Offices (30%)
(a) Twenty eight percent from amongst Administrative Officers of Zonal offices who have completed two years service as such on first day of the year of recruitment:	(a) Twenty five (25) percent from amongst Administrative Officers of Zonal offices who have completed two years service as such on first day of the year of recruitment:
Provided that if in any year of recruitment, sufficient number of Administrative Officer are not available for promotion the field of eligibility may be extended to include such substantively appointed Head Assistants who have completed seven years service on the first day of year of recruitment.	Provided that if in any year of recruitment, sufficient number of Administrative Officer are not available for promotion the field of eligibility may be extended to include such substantively appointed Head Assistants who have completed seven years service on the first day of year of recruitment.

COLUMN-1	COLUMN-2

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

Existing rule	*Rule as hereby substituted*
(b) Two percent from amongst substantively appointed Personal Assistant Grade-1 who have completed two years of service as such on first day of the year of recruitment.	(b) Five (5) percent from amongst substantively appointed Personal Assistant Grade-1 who have completed two years of service as such on first day of the year of recruitment: Provided that if in any year of recruitment, sufficient number of Personal Assistant Grade-1 are not available for promotion the field of eligibility may be extended to include such substantively appointed Personal Assistant Grade-2 who have completed seven years service on the first day of year of recruitment.
(2) If amongst Administrative Officer or Head Assistant, a junior person is included in the field of eligibility his senior shall also be included notwithstanding the fact that he himself has not put in the requisite period of service.	(2) If amongst Administrative Officer or Head Assistant and Personal Assistant Grade-1 or Personal Assistant Grade-2 a junior person is included in the field of eligibility his senior shall also be included notwithstanding the fact that he himself has not put in the requisite period of service.

By order,
L. VENKATESHWAR LU,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 451 राजपत्र–2023–(1470)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 9 सा0 परिवहन–2023–(1471)–300 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/ऑफसेट)।

451 RPH 2023 (Parivahan anu-3) data 4e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम-संख्या–1 (क-2)

रजिस्टर्ड नं० एल० डब्ल्यू० / एन०पी० 561
लाइसेन्स नं० डब्ल्यू० पी०-41
(लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेंट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

प्रयागराज, सोमवार, 08 जनवरी, 2024 ई0

(पौष 18, 1945 शक संवत्)

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या-3271(ए)/नौ-अल्कोहल/1046/2023-2024

प्रयागराज, दिनांक 08 जनवरी, 2024 ई0

अधिसूचना

सा0प0नि0–2

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 4 सन् 1910) की धारा 41 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश गजट में यथा प्रकाशित अधिसूचना संख्या-7410 दो-931, दिनांक 15 जून, 1961 द्वारा द्राक्षासवनी चलाने के लिये लाइसेंसों से सम्बन्धित उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी नियमावली, 1961 में संशोधित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:-

उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2023

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ– (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

2. नियम-2-का संशोधन– उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी नियमावली, 1961 में, नीचे स्तम्भ-एक में दिये गये विद्यमान नियम-2 के स्थान पर स्तम्भ-दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-एक विद्यमान नियम	स्तम्भ-दो एतदद्वारा प्रतिस्थापित नियम
2. परिभाषायें- जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो इस नियमावली में-	2. परिभाषायें- जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में-
(क) "आबकारी वर्ष" का तात्पर्य 01 अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी 31 मार्च को समाप्त होने वाली अवधि से है;	(क) "आबकारी वर्ष" का तात्पर्य 01 अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी 31 मार्च को समाप्त होने वाली अवधि से है;
(ख) "फोर्टिफिकेशन" का तात्पर्य वाइन या मस्ट में, उन्हें खट्टा होने से बचाने के लिये ब्रांडी या कोई उदासीन स्प्रिट मिलाने से है;	(ख) "फोर्टिफिकेशन" का तात्पर्य वाइन या मस्ट में, उन्हें खट्टा होने से बचाने के लिये ब्रांडी या कोई उदासीन स्प्रिट मिलाने से है;
(ग) "लीज" का तात्पर्य किण्वन प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात वाइन के निचोड़ने पर बचे अवशेष से है;	(ग) "लीज" का तात्पर्य किण्वन प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात वाइन के निचोड़ने पर बचे अवशेष से है;
(घ) "मस्ट" का तात्पर्य किण्वन से पूर्व वाइन बनाने के लिये फूलों, सब्जियों, जड़ी बूटियों जो स्वापक एवं मन: प्रभावी न हों, के रस या गूदों और कुचले अंगूरों के रस अथवा गूदे से है और जिसमें वाइन के उत्पादन के लिए किसी अन्य फल का रस एवं गूदा भी सम्मिलित है।	(घ) "मस्ट" का तात्पर्य किण्वन से पूर्व वाइन बनाने के लिये फूलों, सब्जियों, गैर स्वापक (गैर मन: प्रभावी) जड़ी बूटियों के रस या गूदों और कुचले अंगूरों के रस अथवा गूदे से है और जिसमें वाइन के उत्पादन के लिए किसी अन्य फल का रस एवं गूदा भी सम्मिलित है;
(ङ) "प्रभारी अधिकारी" से तात्पर्य द्राक्षासवनी में पर्यवेक्षण कार्य के लिए आबकारी आयुक्त द्वारा नियुक्त आबकारी निरीक्षक अथवा सम्बन्धित निरोधक क्षेत्र के प्रभारी आबकारी निरीक्षक से है।	(ङ) "प्रभारी अधिकारी" का तात्पर्य द्राक्षासवनी में पर्यवेक्षण कार्य के प्रयोजनार्थ आबकारी आयुक्त द्वारा इस रूप में नियुक्त आबकारी निरीक्षक अथवा सम्बन्धित निवारक सर्किल के प्रभारी आबकारी निरीक्षक से है;
(च) "द्राक्षासवक" का तात्पर्य द्राक्षासवनी को चलाने के लिये लाइसेंस के धारक व्यक्ति से है;	(च) "द्राक्षासवक" का तात्पर्य किसी वाइन विनिर्माणशाला को चलाने के लिये लाइसेंस धारक व्यक्ति से है;
(छ) "द्राक्षासवनी" का तात्पर्य वाइन की निर्माणशाला से है;	(छ) "द्राक्षासवनी" का तात्पर्य किसी वाइन विनिर्माणशाला से है;
(ज) "वाइन" का तात्पर्य फूलों, सब्जियों, जड़ी बूटियों जो स्वापक एवं मन: प्रभावी न हों, के रस या गूदे और अंगूर के रस या गूदे या किसी अन्य फल के रस या गूदे के अल्कोहल युक्त किण्वन से प्राप्त उत्पादज जो प्राकृतिक हो अथवा दृढ़ीकृत हो, और जिसमें अल्कोहल युक्त अन्तर्वस्तु 24 प्रतिशत वी/वी से अधिक न हो, से है। वाइन में चीनी, मधु और या पानी मिश्रित हो सकता है;	(ज) "वाइन" का तात्पर्य फूलों, सब्जियों, गैर स्वापक (गैर-मन: प्रभावी) जड़ी बूटियों के रस या गूदे और अंगूर के रस या गूदे या किसी अन्य फल के रस या गूदे के अल्कोहल युक्त किण्वन से प्राप्त उत्पाद जो प्राकृतिक हो अथवा दृढ़ीकृत हो, जिसमें अल्कोहल युक्त अन्तर्वस्तु 24 प्रतिशत वी/वी से अधिक न हो, से है। वाइन में चीनी, मधु और/या पानी मिश्रित हो सकता है। **वाइन का तात्पर्य साइडर, शेरी और पेरी से भी है जो इसमें सम्मिलित हैं।**

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(झ) "यंग वाइन" का तात्पर्य लीज के हटाये जाने के तत्काल बाद प्राप्त किण्वित अपरिष्कृत वाइन से है;	(झ) "यंग वाइन" का तात्पर्य लीज के हटाये जाने के तत्काल पश्चात प्राप्त किण्वित अपरिष्कृत वाइन से है;

आज्ञा से,
सैंथिल पांडियन सी0,
आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश।

OFFICE OF THE EXCISE COMMISSIONER, UTTAR PRADESH, PRAYAGRAJ

No. 3271(A)/IX-Alcohol-1046/2023-24

Prayagraj, dated: January 08, 2024

NOTIFICATION

In exercise of the powers under section 41 of the United Provinces Excise Act, 1910 (U.P. Act no. 4 of 1910) read with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 (U.P. Act no.1 of 1904), the Excise Commissioner, Uttar Pradesh with the previous sanction of the State Government, makes the following rules with a view to amend the Uttar Pradesh Vintnery Rules, 1961 regarding licences for working vintnery as published in the Uttar Pradesh Gazette vide Notification no. 7470/II-931 dated June 15, 1961 as amended from time to time:

THE UTTAR PRADESH VINTNERY (THIRD AMENDMENT) RULES, 2023

1. Short title and Commencement–(1) These rules may be called the Uttar Pradesh Vintnery (Third Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall come into force with effect from the date of their publication in the Gazette.

2. Amendement of rule-2– In the Uttar Pradesh Vintnery Rules, 1961 for the existing rule 2 set out in Column-I below, the rule as set out in Column-II shall be substituted, namely :–

Column I *Existing rule*	**Column II** *Rule as hereby substituted*
2. Definitions- In these rules, unless there is anything repugnent in the subject or context,	**2. Definitions-** In these rules, unless there is anything repugnent in the subject or context,—
(a) " Excise Year" means the period from April one to March thirty-one following;	(a) "Excise Year" means the period from April one to March thirty-one following;
(b) "Fortification" means the addition of brandy or some neutral spirit to wine or to the must, for preventing wine from turning sour"	(b) "Fortification" means the addition of brandy or some neutral spirit to wine or to the must, for preventing wine from turning sour"
(c) "Lees" means the residue left on straining off wine after completion of the process of fermentation;	(c) "Lees" means the residue left on straining off wine after completion of the process of fermentation;
(d) “Must” means the juice or pulp of flowers, vegetables, non-narcotic (non-psychotropic) herbs and crushed grapes as expressed for wine making before fermentation thereof and includes the juice or pulp of any other fruit for production of wine;	(d) “Must” means the juice or pulp of flowers, vegetables, non-narcotic (non-psychotropic) herbs and crushed grapes as expressed for wine making before fermentation thereof and includes the juice or pulp of any other fruit for production of wine;

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

Column I *Existing rule*	Column II *Rule as hereby substituted*
(e) "Officer-in-Charge" means the Excise Inspector appointed as such by the Excise Commissioner or the Excise Inspector in-charge of the concerned preventive circle for the purpose of supervising work in a vintnery;	(e) "Officer-in-Charge" means the Excise Inspector appointed as such by the Excise Commissioner or the Excise Inspector in-charge of the concerned preventive circle for the purpose of supervising work in a vintnery;
(f) "Vintner" means a person licensed to work a wine-manufactory;	(f) "Vintner" means a person licensed to work a wine-manufactory;
(g) "Vintnery" means a wine-manufactory;	(g) "Vintnery" means a wine-manufactory;
(h) “Wine” means the product obtained on alcoholic fermentation of juice or pulp of flowers, vegetables, non-narcotic (non-psychotropic) herbs, grape juice or pulp or juice of any other fruit, natural or fortified, the alcoholic content whereof does not exceed 24 percent by volume (24%v/v). Wine may contain added sugar, honey, and/or water;	(h) “Wine” means the product obtained on alcoholic fermentation of juice or pulp of flowers, vegetables, non-narcotic (non-psychotropic) herbs, grape juice or pulp or juice of any other fruit, natural or fortified, the alcoholic content whereof does not exceed 24 percent by volume (24%v/v). Wine may contain added sugar, honey, and/or water. **Wine also means and includes Cider, Sherry and Perry.**
(i) "Young Wine" means the fermented unmatured wines product obtained immediately after straining off the lees.	(i) "Young Wine" means the fermented unmatured wines product obtained immediately after straining off the lees.

By order,
Senthil Pandian C.,
Excise Commissioner,
Uttar Pradesh.

पी0एस0यू0पी0-12 असाधारण गजट-19.01.2024-502 प्रतियां (डी0टी0पी0/आफसेट)।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

म-संख्या–112

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 30 जून, 2023

आषाढ़ 9, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

पंचायतीराज अनुभाग–2

————

संख्या 1546 / 33-2–2023

लखनऊ, 30 जून, 2023

————

अधिसूचना

सा0प0नि0–22

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 33 सन् 1961) की धारा 44 के साथ पठित धारा 237 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश की जिला पंचायतों में अधिशासी अभियंता के पद पर भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं।

उत्तर प्रदेश (जिला पंचायत) [अधिशासी अभियंता (सिविल) केंद्रीय संक्राम्य संवर्ग] सेवा नियमावली, 2023

भाग- एक

सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश (जिला पंचायत) [अधिशासी अभियंता (सिविल) का केंद्रीय (संक्राम्य) संवर्ग] सेवा नियमावली, 2023 कही जाएगी;

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं

2–जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो इस नियमावली में-

(क) ''नियुक्ति प्राधिकारी'' का तात्पर्य राज्यपाल से है;

(ख) ''संवर्ग'' का तात्पर्य नियम 3 के अधीन सृजित अधिशासी अभियंता (सिविल) के केंद्रीय संक्राम्य संवर्ग से है;

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

(ग) ''सरकार'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से है;

(घ) ''राज्यपाल'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है;

(ङ) ''सेवा का सदस्य'' का तात्पर्य उच्चतर सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त सेवा के सदस्य से है;

(च) ''सेवा'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश (जिला पंचायत) [अधिशासी अभियंता (सिविल) केंद्रीय (संक्राम्य) संवर्ग] से है;

(छ) ''चयन समिति'' का तात्पर्य नियम 8 के अधीन गठित चयन समिति से है;

(ज) ''राज्य'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य से है;

(झ) ''मौलिक नियुक्ति'' का तात्पर्य सेवा संवर्ग में अधिशासी अभियंता (सिविल) के पद पर नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति या प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त न हों, और इस नियमावली के अनुसार चयन के पश्चात की गई हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक आदेशों द्वारा तत्समय चयन हेतु विहित प्रक्रिया के अनुसार किया गया हो;

(ञ) ''भर्ती का वर्ष'' का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग- दो

संवर्ग और सदस्य संख्या

संवर्ग का सृजन

3-जिला पंचायतों में अधिशासी अभियंता (सिविल) पद के लिये एक केंद्रीय संक्राम्य संवर्ग सृजित किया जायेगा।

सदस्य संख्या

4-(1) नियम 3 के अधीन सृजित संवर्ग की सदस्य संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित की जाय,

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिर्वतन करने के आदेश न दिये जाये, सेवा की सदस्य संख्या निम्नलिखित होगी :-

क्रम संख्या	पदनाम	पदों की संख्या
1	अधिशासी अभियंता (सिविल) (जिला पंचायत प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, सीतापुर एवं हरदोई हेतु)	05

(क) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न हो, या

(ख) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकती हैं, जितना वह उचित समझे।

भाग- तीन

भर्ती

भर्ती का स्रोत

5-संवर्ग में अधिशासी अभियंता (सिविल) के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जाएगी**;**

अधिशासी अभियंता (सिविल) -मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे अभियंताओं, जिन्होने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, में से पदोन्नति द्वारा।

आरक्षण

6-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षाण भर्ती के समय प्रवृत्त शासनादेशों के अनुसार किया जायेगा ।

भाग- चार

भर्ती की प्रक्रिया

रिक्तियों का अवधारण

7-नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या (नियम 6 के अधीन आरक्षण के अनुसार) अवधारित करेगा, और इसकी सूचना चयन समिति को देगा।

भर्ती की प्रक्रिया

8-(1) जिला पंचायतों में अधिशासी अभियंता (सिविल) के पद पर भर्ती, अनुपयुक्त अभ्यर्थियों को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर निम्नानुसार गठित चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा की जाएगी :-

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

एक	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन	अध्यक्ष
दो	सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, जो संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे का न हो;	सदस्य
तीन	सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, जो संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे का न हो;	सदस्य
चार	निदेशक, पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, जो संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे का न हो;	सदस्य
पॉच	प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, जो संयुकत सचिव के सतर से नीचे का न हो।	सदस्य

(2) नियुक्ति प्राधिकारी, समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता-सूची नियमावली, 1986 के अनुसार जिला पंचायतों में कार्यरत अभियंताओं की ज्येष्ठता सूची से एक पात्रता सूची तैयार करेगा, और उसे चयन समिति के समक्ष, उनसे सम्बन्धित चरित्र पंजिकाओं के साथ रखेगा, जिन्हें वह उचित समझे,

(3) चयन समिति उपनियम दो में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और चयनित अभ्यर्थियों की उनकी ज्येष्ठता क्रम में एक सूची जैसा कि वह उस संवर्ग में हो जिससे उसकी पदोन्नति की जानी हो, तैयार करेगी। चयन समिति उक्त सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

भाग- पॉच

नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण, ज्येष्ठता और स्थानांतरण

नियुक्ति

9-(1) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्तियां उसी क्रम में करेगा, जिस क्रम में उनके नाम नियम-8 के अधीन तैयार की गई सूची में हों;

(2) यदि एक साथ एक से अधिक अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जानी हो तो आदेश में अभ्यर्थियों का ज्येष्ठता क्रमांक वही होगा जो चयन समिति द्वारा जारी सूची में है।

नियुक्तियाँ अधिसूचित की जाएंगी

10-इस नियमावली के अधीन की गई समस्त नियुक्तियाँ गजट में अधिसूचित की जाएंगी।

परिवीक्षा

11-(1) संवर्ग में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुकत किसी व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायेगा;

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से वैयक्तिक मामलों में ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट करते हुये परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है, जिस दिनांक तक परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जानी हो; परंतु यह कि अपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी;

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गई परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी समय या उसके अंत में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है, या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है, तो उसे उसके मौलिक पद, यदि कोई हो, पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं;

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उप नियम 3 के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाए या उसकी सेवाएं समाप्त की जाए, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

स्थायीकरण

12-किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गई परिवीक्षा अवधि के अंत में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जाएगा, यदि,

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय और उसकी, सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो, और

(ख) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाए कि वह स्थायी किए जाने के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

ज्येष्ठता

13-संवर्ग में अधिशासी अभियंता (सिविल) के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

व्यक्तियों की ज्येष्ठता मौलिक नियुक्ति के आदेश के दिनांक से, और यदि दो या अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किए जाएं तो उस क्रम में जिसमें उसके नाम नियुक्ति के आदेश में रखे गए हों, अवधारित की जाएगी।

तैनाती और स्थानांतरण

14-सरकार, अधिशासी अभियंताओं को जिला पंचायत प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ, सीतापुर एवं हरदोई में से किसी जिला पंचायत में तैनात कर सकती है, और उन्हें, उक्त पॉच जिला पंचायतों में से किसी भी जिला पंचायत में स्थानांतरित कर सकती है।

भाग- छ:

वेतनमान

वेतनमान

15-(1) संवर्ग में नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान वही होगा जैसा कि सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाये;

(2) इस नियमावली के अनुसार अधिशासी अभियंता (सिविल) का वेतनमान निम्नवत् होगा:-

पद का नाम	वेतनमान (रूपये)
अधिशासी अभियन्ता (सिविल)	रू0 67,700- 2,08,700 (लेवल-11)

परिवीक्षा अवधि में वेतन

16-किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को वेतनमान में उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तभी दी जाएगी, जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, प्रशिक्षण, जहाँ विहित हो, प्राप्त कर लिया हो और द्वितीय वेतन वृद्धि सेवा के दो वर्ष पश्चात तभी दी जाएगी, जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो। परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान करने में विफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाये तो इस प्रकार बढ़ाई गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिए नहीं की जाएगी, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

भाग- सात

अन्य उपबंध

पक्ष समर्थन

17-इस नियमावली के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी सिफारिश, चाहे लिखित हो या मौखिक पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास नियुक्ति के लिए उसे अनर्ह कर देगा।

अन्य मामलों का विनियमन

18-इस नियमावली या विशेष आदेशों से विनिर्दिष्ट रूप से अनाच्छादित मामलों में संवर्ग में नियुक्त व्यक्ति, राज्य के कार्यकलापों के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे।

नियमों में शिथिलीकरण

19-जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाए कि संवर्ग में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में असम्यक कठिनाई उत्पन्न होती है वहां वह उस मामले में लागू नियमावली में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

व्यावृत्ति

20-इस नियमावली की किसी बात का प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा जिनका इस संबंध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,
मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1546/ XXXIII-2–2023, dated June 30 , 2023 :

No. 1546/ XXXIII-2–2023

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

Dated Lucknow, June 30, 2023

IN exercise of the powers under section 237 read with section 44 of the Uttar Pradesh Kshettra Panchayats and Zila Panchayats Adhiniyam, 1961 (U.P. Act no. 33 of 1961), the Governor is pleased to make the following rules to regulate the recruitment and conditions of service of persons appointed to the post of Executive Engineer in Zila Panchayats of Uttar Pradesh.

UTTAR PRADESH (ZILA PANCHAYAT) [EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL) CENTRAL (TRANSFERABLE) CADRE] SERVICE RULES, 2023

PART-I

GENERAL

Short title and commencement

1. (1) These rules shall be called the Uttar Pradesh (Zila Panchayat) [Executive Engineer (Civil) Central (Transferable) Cadre] Service Rules, 2023.

(2) They shall come into force at once.

Definitions

2. In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context–

(a) **"appointing authority"** means the Governor;

(b) **"cadre"** means the Central Transferable Cadre of Executive Engineer (Civil) created under rule 3;

(c) **"Government"** means the State Government of Uttar Pradesh;

(d) **"Governor"** means the Governor of Uttar Pradesh;

(e) **"member of the service"** means a member of the service substantively appointed under these rules or the rules or orders in force before the commencement of these rules, to a post in the cadre of the higher service;

(f) **"service"** means the Uttar Pradesh (Zila Panchayat) [Executive Engineer (Civil) Central (Transferable) Cadre] Service;

(g) **"selection committee"** means the selection committee constituted under rule 8;

(h) **"State"** means the State of Uttar Pradesh;

(i) **"substantive appointment"** means appointment to the post of Executive Engineer (Civil) in the cadre of service, not being an *ad hoc* appointment or on deputation, made after selection in accordance with these rules and, if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed for selection for the time being by way of executive orders issued by the Government;

(j) **"year of recruitment"** means a period of twelve months commencing on the first day of July of a calendar year.

PART-II

CADRE AND NUMBER OF MEMBERS

Creation of Cadre

3. A central transferable cadre for the post of Executive Engineer (Civil) in Zila Panchayats shall be created.

Number of members

4. (1) The strength of cadre of members created under rule 3 shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The strength of members of service shall, until orders varying the same are passed under sub-rule (1), be as given below:-

S. No.	Designation	Number of posts
1	Executive Engineer (Civil) (for Zila Panchayat Prayagraj, Jaunpur, Azamgarh, Sitapur and Hardoi)	05

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

(a) the appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to compensation; or

(b) the Governor may create such additional, permanent or temporary posts, as he may deem fit.

PART-III

RECRUITMENT

Source of Recruitment

5. Recruitment to the posts of Executive Engineer (Civil) in the cadre shall be made from the following sources:

Executive Engineer (Civil)–By promotion from amongst the substantively appointed Engineers who have completed seven years of service on the first day of the year of recruitment.

Reservation

6. Reservation for candidates belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories shall be in accordance with the Government orders in force at the time of recruitment.

PART-IV

PROCEDURE OF RECRUITMENT

Concept of vacancies

7. The Appointing Authority shall determine the number of vacancies (as per reservation under rule 6) to be filled during the course of the year of recruitment, and shall inform about the same to the Selection Committee.

Procedure of Recruitment

8. (1) Recruitment to the post of Executive Engineer (Civil) in Zila Panchayats shall be made, after rejecting unfit candidates, on the basis of seniority by way promotion, through a Selection Committee constituted as follows:-

i.	Additional Chief Secretary/Principal Secretary/ Secretary, Panchayati Raj Department, Government of Uttar Pradesh	Chairman
ii.	Secretary, Personnel Department, Government of Uttar Pradesh or a person nominated by him who shall not be below the rank of Joint Secretary	Member
iii.	Secretary, Social Welfare Department, Government of Uttar Pradesh or a person nominated by him who shall not be below the rank of Joint Secretary	Member
iv.	Director, Panchayati Raj Department, Government of Uttar Pradesh or a person nominated by him who shall not be below the rank of Joint Secretary	Member
v.	A person nominated by the Principal Secretary, Panchayati Raj Department, Government of Uttar Pradesh who shall not be below the rank of Joint Secretary	Member

(2) The appointing authority shall prepare an eligibility list of engineers working in the Zila Panchayats, from the seniority list, in accordance with the Uttar Pradesh Promotion by Selection (on posts outside the purview of the Public Service Commission) Eligibility List Rules, 1986, as amended from time to time, and shall place it before the Selection Committee alongwith their character rolls, pertaining to them, as it may deem fit.

(3) The Selection Committee shall consider the cases of the candidates on the basis of the records referred to in sub-rule (2) and shall prepare a list of the

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

selected candidates in the order of their seniority as it stands in the cadre from which he is to be promoted. The Selection Committee shall forward such list to the appointing authority.

PART-V

APPOINTMENT, PROBATION, CONFIRMATION, SENIORITY AND TRANSFER

Appointment

9. (1) The appointing authority shall make appointments of the candidates in the order in which their names appears in the list prepared under rule 8.

(2) If more than one candidate is appointed simultaneously then in the order the seniority number of the candidates shall be same as in the list issued by the Selection Committee.

Appointments to be notified

10. All appointments done under these rules shall be notified in the *Gazette*.

Probation

11. (1) A person on substantive appointment to a post in the cadre shall be placed on probation for a period of two years.

(2) The appointing authority may, for reasons to be recorded, extend the period of probation in individual cases specifying the date upto which the extension is granted:

Provided that, save in exceptional circumstances, the period of probation shall not be extended beyond one year and in no circumstance beyond two years.

(3) If it appears to the appointing authority, at any time during or at the end of the period of probation or extended period of probation, that a probationer has not made sufficient use of his opportunities or has otherwise failed to give satisfaction, he may be reverted to his substantive post, if any, and if he does not hold a lien on any post, his services may be dispensed with.

(4) A probationer who is reverted or whose services are dispensed with under sub-rule (3) shall not be entitled to any compensation.

Confirmation

12. A probationer shall be confirmed in his appointment at the end of the period of probation or the extended period of probation if,

(a) his work and conduct is reported to be satisfactory, and his integrity is certified, and

(b) the appointing authority is satisfied that he is otherwise fit for confirmation.

Seniority

13. The seniority of the persons substantively appointed to the post of Executive Engineer (Civil) in the cadre shall be, determined from the date of the order of the substantive appointment and if two or more persons are appointed together, in the order in which their names were placed in the order of appointment.

Posting and transfer

14. The Government can post Executive Engineers in any of the Zila Panchayats of Prayagraj, Jaunpur, Azamgarh, Sitapur and Hardoi and can transfer them to any of the above five Zila Panchayats.

PART-VI

SCALE OF PAY

Scale of pay

15. (1) The scales of pay admissible to persons appointed to the cadre shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The scales of pay of Executive Engineer (Civil) according to these rules shall be as follows:

Name of Post	Scale of Pay (rupees)
Executive Engineer (Civil)	Rs. 67,700-2,08,700 (Level 11)

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

Pay during probation

16. A person on probation shall be allowed his first increment in the pay-scale when he has completed one year of satisfactory service, has undergone training, where prescribed, and second increment after two years service when he has completed the probationary period and is also confirmed:

Provided that, if the period of probation is extended on account of failure to give satisfaction, such extension shall not count for increment unless the appointing authority directs otherwise.

PART-VII

OTHER PROVISIONS

Canvassing

17. No recommendation, either written or oral, other than that required under these rules shall be taken into consideration. Any attempt on the part of a candidate to enlist support directly or indirectly for his candidature will disqualify him for appointment.

Regulation of other matters

18. In regard to the matters not specifically covered by these rules or special orders, persons appointed to the cadre shall be governed by the rules, regulations and orders applicable generally to Government servants serving in connection with the affairs of the State.

Relaxation of rules

19. Where the State Government is satisfied that the operation of any rule regulating the conditions of service of persons appointed to the cadre causes undue hardship in any particular case, it may, notwithstanding anything contained in the rules applicable to the case, by order, dispense with or relax the requirements of that rule to such extent and subject to such conditions as it may consider necessary for dealing with the case in a just and equitable manner.

Savings

20. Nothing in these rules affect reservations and other concessions required to be provided for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders of the Government issued from time to time in this regard.

By order,
MANOJ KUMAR SINGH,
Apar Mukhya Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 431 राजपत्र–2023–(1420)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 9 सा0 पंचायतीराज–2023–(1421)–1,000 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।